वर्ष : 16 | अंक : 91 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। सोमवार, 02 फरवरी 2026 | माघ माह, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060 ■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ



## वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 9वीं बार भारत के विकास का बजट पेश किया

# बजट 2026-27

# इनकम टैक्स जस का तस

## बस रिवाइज्ड रिटर्न अब 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक भरें

बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली। बजट में इनकम टैक्स को लेकर को कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। हालांकि रिवाइज्ड रिटर्न भरने की तारीख 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई। वहीं, विदेश रुपए भेजने पर अब 5% के बदले 2% टैक्स लगेगा।**

### टैक्स को लेकर 6 बदलाव ये हैं...

1. **1 अप्रैल से नया इनकम टैक्स कानून:** केंद्र सरकार ने पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को बदलकर नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 लाया जाएगा। ये 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। इसमें टैक्स रेट्स या स्लैब में कोई बदलाव नहीं है, इसके जरिए सिर्फ टैक्स रिटर्न फाइल करने करने की प्रोसेस आसान बनाई जाएगी।
2. **विदेश रुपए भेजने पर कम टैक्स:** पढ़ाई और इलाज के लिए विदेश पैसे भेजने पर अब कम टैक्स कलेक्शन एट सोर्स (टीसीएस) लगेगा। सरकार ने इसे 5% से घटाकर 2% करने का फैसला किया है। विदेशी टूर पैकेज पर लगने वाले 5% और 20% के टीसीएस रेट को घटाकर 2% किया गया है।
3. **टीडीएस न कटवाने के लिए एप्लिकेशन की जरूरत नहीं:** टैक्स डिडक्शन एट सोर्स नहीं कटवाने के लिए अलग से एप्लिकेशन देने की जरूरत नहीं होगी। नियमों अनुसार अब अगर आप पर इनकम टैक्स नहीं बनता है तो आपका ञ्चष्ठस् नहीं काटा जाएगा। अभी इसके लिए फॉर्म 15जी (60 साल से कम वालों के लिए) या फॉर्म 15एच (वरिष्ठ नागरिकों के लिए) जमा करना होता था।
4. **31 मार्च तक फाइल कर सकेंगे रिवाइज्ड रिटर्न :** इनकम टैक्स रिटर्न में सुधार करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी गई है। अब मामूली फीस देकर 31 दिसंबर की जगह 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल किया जा सकेगा।
5. **फ्यूचर-ऑप्शंस ट्रेडिंग करना महंगा:** सरकार ने फ्यूचर ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% कर दिया है। ऑप्शंस पर भी एसटीटी को बढ़ाकर 0.15% किया गया है। इसे ट्रेडिंग करना महंगा हो जाएगा।
6. **सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर टैक्स लगेगा:** अब सेकेंडरी मार्केट से खरीदे गए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर कैपिटल गेन टैक्स की छूट नहीं मिलेगी। इसका मतलब केवल उन्हीं निवेशको टैक्स-फ्री होने का फायदा मिलेगा जिन्होंने आरबीआई से बॉन्ड खरीदे और उसे पूरी अवधि तक रखा।

- पहले एसजीबी पर ब्याज के अलावा जो भी फायदा निवेशकों को होता था, वह मैच्योरिटी (8 साल) पर टैक्स-फ्री होता था, चाहे उन्होंने बॉन्ड को आरबीआई से खरीदा हो या बाद में सेकेंडरी बाजार (स्टॉक एक्सचेंज) से लिए हों।
- टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं पुरानी टैक्स रिजीम चुनने पर अभी भी आपकी 2.5 लाख रुपए तक की इनकम ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए के तहत आप 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बचा सकते हैं।
- वहीं न्यू टैक्स रिजीम चुनने पर पहले की तरह ही 4 लाख रुपए तक की इनकम पर टैक्स नहीं देना होगा। इसमें इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए के तहत सैलरीड पर्सन 12.75 लाख रुपए तक की इनकम पर और अन्य 12 लाख तक की इनकम पर टैक्स छूट पा सकते हैं।
- बदलाव क्यों नहीं हुआ: टैक्स एक्सपर्ट आनंद जैन के अनुसार सरकार ने पिछले बजट में ही न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स छूट को 7 लाख बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया था। ऐसे में इस साल बदलाव होने की संभावना न के बराबर ही थी।

### मोदी बोले- ये युवा शक्ति का बजट



पीएम मोदी ने आम बजट को युवाओं को बजट बताया है। कहा कि देश में रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है। ये स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी को मजबूत करने का प्रयास है। सबसे बड़ी पूंजी नागरिक, इसी में निवेश किया।

### राहुल ने कहा- युवाओं को कुछ नहीं मिला



विपक्ष ने बजट को निराशाजनक बताया। राहुल गांधी ने कहा, युवाओं के लिए रोजगार वाला बजट नहीं है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर गिर रहा है। निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। घरेलू बचत में भारी गिरावट आ रही है।

### एआई से बुनियादी ढांचे तक, हर क्षेत्र को समेटे है बजट



मुख्यमंत्री शर्मा ने निवास पर बजट देखने के बाद इसे समावेशी और दूरदर्शी बताया. उन्होंने पीएम और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट निवेश और रोजगार से इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा देने वाला है.

### चौथी से तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का विजन



उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बजट को विकसित भारत 2047 का विजन बताया. उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक पायदान पर 11वें से चौथे स्थान पर आ गया है और अब तीसरे स्थान पर पहुंचने का प्रयास जारी है.

### 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट को जनकल्याणकारी करार दिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण पर दिए गए जोर की सराहना की.

### सपनों को पंख लगाने वाला बजट



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बजट को अर्थव्यवस्था और रोजगार को गति देने वाला बताया. उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ हर जन के सपनों को पंख लगाने वाला है.



## बजट के बाद सेंसेक्स 1546 अंक गिरकर 80,722 पर बंद

### निफ्टी भी 495 अंक टूटा; वजह- फ्यूचर्स और ऑप्शंस पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स बढ़ाया

**बजट के बाद 1 फरवरी ( रविवार ) को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। सेंसेक्स 1546 अंक यानी करीब 2% गिरकर 80,722 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 495 अंक टूटा, ये 24,825 के स्तर पर बंद हुआ। सरकार ने फ्यूचर्स ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स ( एसटीटी ) को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% किया। ऑप्शंस प्रीमियम और एक्सरसाइज पर भी एसटीटी को बढ़ाकर 0.15% किया है। इस वजह से ही बाजार में यह गिरावट आई। बीते सात साल में बजट के दिन की यह सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले 2020-21 बजट के दिन सेंसेक्स 987 अंक और निफ्टी 300 अंक गिरकर बंद हुआ था।**

### सरकारी बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 6% की गिरावट

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही। BEL, एसबीआई और अडाणी पोर्ट्स के शेयर में 6% तक की गिरावट रही। सरकारी बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 6% तक की गिरावट देखने को मिली। मेटल, मीडिया, एफएमसीजी, मीडिया, फार्मा, फाइनेंशियल सर्विसेज और रियल्टी सेक्टर में भी गिरावट रही।

### बजट के दिन ऐसी रही बाजार की चाल

**बजट भाषण के बाद:** कारोबार के दौरान सेंसेक्स 2,370 अंक गिरकर अपने दिन के निचले स्तर 79,899 पर आ गया था। वहीं निफ्टी भी 750 अंक गिरकर 24,571 के निचले स्तर पर आ गया था।

**बजट भाषण के दौरान:** सेंसेक्स 1,600 अंक यानी 2% गिरकर 80,600 पर आ गया। वहीं निफ्टी भी करीब 550 अंक गिरकर 24,800 के स्तर पर आ गया।

**बजट से पहले:** सुबह 9:15 बजे सेंसेक्स 100 अंक की गिरावट के साथ 82,156 के स्तर पर खुला था। निफ्टी भी करीब 50 अंक गिरकर 25,275 के स्तर पर ओपन हुआ था।

### बाजार में आगे भी रह सकती है गिरावट: एक्सपर्ट्स

HDFC सिक्योरिटीज के टेक्निकल एनालिस्ट नंदीश शाह का कहना है कि निफ्टी ने 24,900-25,450 के कंसॉलिडेशन रेंज को तोड़ दिया है। इसके साथ ही इंडेक्स 200-डे एसएमए और 200-डे ईएमए दोनों से नीचे चला गया है।

## एसटीटी बढ़ाने से सट्टेबाजी रुकेगी : वित्त मंत्री

### छोटे निवेशकों को नुकसान से बचाना मकसद; एआई कभी इंसान की जगह नहीं ले सकता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को संसद में आम बजट 2026 पेश किया। इस बजट में कैंसर दवाओं पर ड्यूटी खत्म करने से लेकर शेयर बाजार में सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स बढ़ाने जैसे ऐलान किए गए। इसके अलावा एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से नौकरियां कम होने के सवाल पर वित्त मंत्री ने कहा कि एआई कभी भी इंसानी मेहनत की जगह नहीं ले सकता। बजट भाषण के बाद निर्मला सीतारमण ने प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें उन्होंने बजट से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए।

## सिगरेट के दाम 40 प्रतिशत तक बढ़े

### फास्टैग में केवाईवी वेरिफिकेशन की जरूरत नहीं

### कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत 50 रुपए बढ़ी, 6 बदलाव

**फरवरी में 6 बड़े बदलाव हो रहे हैं। आज से सिगरेट और तम्बाकू प्रोडक्ट्स महंगे हो गए हैं। वहीं अब से नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब केवाईवी ( नो योर व्हीकल ) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा 1 फरवरी से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 50 तक महंगा हो गया है।**

# दुर्गा माता मंदिर में भव्य हिंदू सम्मेलन, समरसता का संदेश

## संत शंकरानंद ने जाति-भेद से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में चिंतन का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** कस्बे के दुर्गा माता मंदिर परिसर में रविवार को हिन्दू धर्म आयोजन समिति की ओर से भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सर्व समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, मातृशक्ति एवं युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। आयोजन स्थल श्रद्धा, अनुशासन और राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत नजर आया।

**संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति**-सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संत श्री शंकरानंद विराजमान रहे। विशिष्ट अतिथियों में मातृशक्ति श्रीमती ज्ञान कंवर देवी, आचार्य गुरुकुल संस्थान से श्यामरथ वर्णी तथा मुख्य वक्ता विद्या सागर (विभाग कुटुंब प्रबोधक संयोजक, सूरतगढ़) शामिल रहे। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी नथमल द्वारा किया गया।

**बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**-कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ी आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रप्रेम का सशक्त संदेश दिया।

**समरस समाज का आह्वान**-मुख्य अतिथि संत श्री शंकरानंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को जाति-पांति और भेदभाव से ऊपर उठकर समरसता के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए गौरवमय और संस्कारित जीवन ही सच्चा धर्म है।

**गौरवशाली अतीत और पंच परिवर्तन पर प्रकाश**-मुख्य वक्ता विद्या सागर ने हिंदू समाज को उसके गौरवशाली इतिहास की याद दिलाते हुए वसुधैव कुटुंबकम की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाज उत्थान के लिए बताए गए पंच परिवर्तन के आयामों को विस्तार से समझाया।



# मनोरंजन बैंक के नोट और पिस्टल के साथ गांजा तस्कर गिरफ्तार

### अंधेरे में ये नोट देकर गांजा खरीदने की फिराक में घूम रहे थे

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही( नि.स. )।** रोहिड़ा थाना पुलिस ने बिना नम्बरी लग्जरी वाहन में गांजा तस्करी कर रहे चार जनों को गिरफ्तार कर लिया। एक तस्कर के पास से पिस्टल भी बरामद की गई। इनके पास से गांजा व बच्चों के खेलने के काम आने वाले मनोरंजन बैंक के नोटों की गड्डी भी जब्त की गई है। बताया जा रहा है कि ये लोग अंधेरे में ये नोट देकर और गांजा खरीदने की फिराक में थे।

थानाधिकारी अमराराम खोखर ने बताया कि नियमित गश्त के दौरान वाटेरा नदी में बिना नंबर प्लेट का एक वाहन संदिग्ध अवस्था में दिखा। संदेह के आधार पर रूकवाया तो उसमें सवार कुछ लोग भाग गए। पुलिस ने कार में सवार चालक समेत दो जनों को पकड़ लिया। वहीं, फरार हुए दो आरोपियों को भी पीछा कर दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर चालक के पास से पिस्टल व एक जिंदा राउंड मिला। वहीं, आठ किलो से ज्यादा गांजा व मनोरंजन बैंक से जारी नोटों की गड्डी बरामद की गई।

### चार जनों को किया गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार वाहन चालक धमाणा (कपासन-चित्तौड़गढ़) निवासी यासिन मंसुरी पुत्र रजाक मंसुरी, गिलुंड (रेलमगरा-राजसमंद) निवासी शिवलाल पुत्र शंकरलाल जाट, पछमता (रेलमगरा-राजसमंद) निवासी विष्णु पुत्र रोशनलाल जाट व सिलवाफली (वालोरिया-रोहिड़ा) निवासी वजाराम पुत्र भोमाराम गमेती को गिरफ्तार किया गया।

### और गांजा खरीदने की प्लानिंग थी

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि ये लोग गांजा लेकर कहीं जा रहे थे। इस दौरान भारतीय मनोरंजन चिल्ड्रन बैंक के नोटों की गड्डी भी साथ थी। वे लोग अंधेरे में और कहीं से गांजा खरीदना चाह रहे थे एवं अंधेरे में असली नोटों के बदले मनोरंजन बैंक वाले नोट थमाने की प्लानिंग थी। लेकिन, इससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

# आस्था पर प्रहार, शिव चौक से शिवलिंग खंडित कर चोरी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** जिले के गोलूवाला क्षेत्र के गांव हांसलिया में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ वार्ड नंबर 7 स्थित शिव चौक पर उपद्रवियों ने न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाई, बल्कि नव-स्थापित शिवलिंग को खंडित कर चोरी कर लिया। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

### महज 24 घंटे में वारदात

जानकारी के अनुसार, शिव चौक पर बीते शुक्रवार को ही विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ शिवलिंग की स्थापना की गई थी। लेकिन स्थापना के महज 24 घंटे के भीतर, रविवार तड़के करीब 5 से 6 बजे के बीच अज्ञात असामाजिक तत्वों ने मूर्ति को निशाना बनाया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी शिवलिंग को अपने साथ ले गए।घटना की सूचना मिलते ही गांव में भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। बालाजी सेवा समिति ने इस कृत्य को एक सुनियोजित साजिश करार देते हुए गोलूवाला पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में कुछ संदिग्धों को नामजद भी किया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई नहीं की, तो पूरे जिले में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



### पुलिस जांच में जुटी

**गोलूवाला पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन ने जांच शुरू कर दी। गांव में किसी भी प्रकार के तनाव को फैलने से रोकने के लिए पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है।**

# भारत की विकास यात्रा को नई दिशा देगा : रमेश सिंघवी

बढ़ता राजस्थान




उदयपुर (नि.स.)। उदयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष रमेश सिंघवी ने 2026-27 के बजट को प्रगतिशील और आकर्षक बताते हुए कहा कि यह बजट भारत की विकास यात्रा को नई दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि बजट के तीन विजन रफ्तार, क्षमता और सबका साथ-देश को आगे बढ़ाने के लिए ठोस आधार प्रदान करते हैं। बजट के तीन विजन रफ्तार, क्षमता और सबका साथ। एनिमल फीड इंडस्ट्री को बढ़ती क्रेडिट सुविधा, वित्तीय समर्थन और नए बाजारों से लाभ मिलेगा। 12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय बुनियादी ढांचे व रोजगार को मजबूती देगा। आईएसएम 2.0 से मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स में निवेश होगा। 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर और 20,000 करोड़ ग्रीन फंड पर्यावरणीय संतुलन हेतु रखा है।

# घने जंगलों में मिला नर कंकाल, 4 किमी भीतर पहाड़ी क्षेत्र में हुई पहचान

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम दांतिल से जीणगौर की ओर चोलावा के घने जंगलों व पहाड़ी इलाके में करीब 4 किलोमीटर अंदर एक नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्वालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शव 20-22 दिन पुराना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी भजनाराम मय जाप्ते के घटनास्थल पर पहुंचे और क्षेत्र को सुरक्षित कर जांच शुरू करवाई। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से एक फोटो बरामद हुआ। इसी फोटो के आधार पर पहचान की कड़ी जुड़ते हुए जीणगौर-चोलावा निवासी मुकेश कुमार यादव तक पहुंच बनाई गई। पूछताछ में मामला पारिवारिक रिश्तों से जुड़ा निकला। जांच में मृतक की पहचान कालीचरण पुत्र करण सिंह, उम्र 76 वर्ष, निवासी जौंधरी, थाना मारकी, जिला फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार कालीचरण अपनी पौत्री के ससुराल मुकेश यादव के यहां करीब एक माह पूर्व आए थे और 5-6 दिन रुकने के बाद बिना बताए कहीं चले गए थे। मुकेश यादव के माध्यम से मृतक के पुत्र संजीव जाटव को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि उनके पिता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था और वे अक्सर अस्वस्थ रहते थे। उन्हें आशंका थी कि वे कहीं रिश्तेदारी में चले गए होंगे। सूचना मिलने पर वे परिजनों सहित पावटा पहुंचे। उन्होंने किसी पर संदेह नहीं जताया और किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार किया। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाधिकारी भजनाराम की तत्परता से मृतक की पहचान संभव हो सकी, जिससे एक गुमशुदगी की कड़ी सुलझ गई।

# सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में यूथ फेस्टिवल एस एम सी कनेक्ट का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल उदयपुर में पहली बार यूथ फेस्टिवल एस. एम. सी. कनेक्ट का आयोजन किया गया। यह एक विशेष यूथ फेस्टिवल है, जिसका उद्देश्य बच्चों और युवाओं को करियर मार्गदर्शन के साथ-साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने की प्रेरणा देना है। इस फेस्टिवल में विद्यालय के चेयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया, सेक्रेटरी श्रीमती रीना सोजतिया, निदेशिका साक्षी सोजतिया, ट्रस्टी डॉ. ध्रुव सोजतिया व नेहल सोजतिया, एसएससी कनेक्ट के फाउंडर दक्ष काला व एडवाइजर शुभा गोविल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारत के जाने-माने उद्यमी व टेडेक्स स्पीकर अर्पित शर्मा, एंटरप्रेन्योर जेग चीमा, इन्फ्लुएंसर एंड सिंगर आर. जे. छवि और स्टैंड-अप कॉमेडियन श्लोक ओझा आदि ने शिरकत की तथा अपने जीवन के संघर्ष, सफलता की यात्रा और इनसे जुड़े अनुभव बच्चों के साथ साझा किए और बताया कि उन्होंने अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए उन्हें किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में मनोरंजक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गई जिसमें जयपुर से आए बैंड ग्रुप स्वरा ने संगीत की जबरदस्त प्रस्तुतियां दी, जिसने इसे एक यादगार अनुभव बना दिया। आयोजकों का कहना है कि यह अवसर अभिभावकों और बच्चों दोनों के लिए बेहद खास रहा।




विद्यालय के चेयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सही करियर चुनने में मदद करना है, चाहे उनका लक्ष्य एक अच्छी नौकरी पाना हो या खुद का स्टार्टअप शुरू कर दूसरों को रोजगार देना। यह फेस्टिवल निश्चित रूप से बच्चों को भविष्य की दिशा तय करने एवं उनका पथ प्रदर्शन करने में सहायक सिद्ध होगा।

निदेशिका साक्षी सोजतिया ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि अभिभावकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा योगदान दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि बालकों के पथ प्रदर्शन के लिए भविष्य में भी सोजतिया ग्रुप इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा।

# विधि-विधान से रोपे गए होली डांडे, परंपरा संग उत्साह



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** माघ शुक्ल पूर्णिमा के डांडारोपणी पर रविवार को प्रागपुरा के एक्सईन कार्यालय स्थित होली चौक में पं. बजरंग लाल शर्मा व पं. उमेश पाराशर ने गणेश पूजन के साथ भक्त प्रह्लाद के प्रतीक स्वरूप होली डांडा रोपण कराया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कैलाश चंद सैनी, पालिका उपाध्यक्ष अशोक सैनी, डॉ. किशोर यादव, रामसिंह यादव, वार्ड पार्षद कुंदन स्वामी, राजेन्द्र जांगिड़, धर्मपाल यादव, जितेन्द्र यादव, राजेन्द्र स्वामी, आनन्द सिंह, अर्जुन मुसोदिया, लीलाधर चन्द्रेश, साधुराम कुमावत, उमराव जाट, हरीराम स्वामी, कालूराम ज्योतिषी, गणेश मुसोदिया, गिरधारी जाट, बोदूलाल जाट सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी प्रकार पावटा में पं. सुरेश शर्मा के मंत्रोच्चार के साथ डांडा रोपण हुआ। यहाँ भवानी सिंह शेखावत, प्रभु दयाल राठी, कालू राठी, डॉ. एस.के. वेदा, चंद्रमोहन सैन, श्रीकांत मिश्रा, परमानंद पटेल, नरेंद्र गौड़, सांवरमल बोहरा, प्रहलाद सैन, मदन लाल लखेरा, देवकी नंदन शर्मा, धर्मेंद्र बटवाल सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

# युवा शक्ति पर आधारित बजट सतत आर्थिक विकास, क्षमता के विकास और 'सबका साथ, सबका विकास' पर जोर

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** वरिष्ठ सीए निर्मल सिंघवी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना रिकॉर्ड नवां बजट प्रस्तुत करते हुए देश को विकासशील से विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ युवा, गरीब, महिला और किसानों के समावेशी विकास पर केंद्रित रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए तीन प्रमुख सुधारों के माध्यम से आर्थिक विकास की गति को तेज की घोषणा की है, जो स्वागत योग्य है। साथ ही सिंघवी ने बताया कि राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4: से घटाकर 4.3 प्रतिशत करने का अनुमान रखा है, वह स्वागत योग्य है ।

# 14 साल पुराने हमले के मामले में बड़ा न्यायिक मोड़

## 22 जनवरी को सजा, 31 जनवरी को जिला न्यायालय से दोषमुक्त

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. ) ।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2012 में हुए हमले के चर्चित प्रकरण में न्यायिक प्रक्रिया ने अहम मोड़ लिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम सं.-2, कोटपूतली ने 22 जनवरी 2026 को तीन आरोपियों—महेन्द्र पुत्र भैरूंलाल यादव (टसकोला), राकेश पुत्र रोहिताश सिंह (ढाणी दुले सिंह, बड़नगर) एवं राजेन्द्र पुत्र रामकरण यादव (फतेहपुरा खुर्द)—को धारा 323, 147, 149 व 458 आईपीसी में दोषी मानते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास व 10,000 जुर्माने की सजा सुनाई थी, जबकि धारा 382 आईपीसी में दोषमुक्त किया था। मामला जून 2012 का था, जब आरोप था कि अभियुक्त आधी रात को वाहन में सवार होकर परिवादी बनवारी लाल के घर पहुंचे और बेसबॉल डंडों, लोहे की सरियों व धारदार हथियारों से परिवार पर हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। घटना के बाद प्रागपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई और पुलिस ने जांच पूरी कर न्यायालय में चालान पेश किया। निचली अदालत के इस निर्णय के विरुद्ध 23 जनवरी 2026 को जिला न्यायालय में अपील दायर की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि शर्मा ने मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए 31 जनवरी 2026 को अपील का निस्तारण कर दिया। सुनवाई के दौरान पाया गया कि निचली अदालत का दण्डादेश तथ्य एवं विधिक त्रुटियों से प्रभावित है।

# आयुर्वेद क्षारसूत्र चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग राजस्थान द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 10 दिवसीय अर्श-भगन्दर निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा शिविर सनातन धर्म मंदिर एल ब्लॉक हनुमान मंदिर में 28 जनवरी से 6 फरवरी तक चल रहा है। इस शिविर में अर्श-भगन्दर के 68 रोगियों की आयुर्वेदीय क्षारसूत्र (आयुर्वेदिक औषधि निर्मित धागा) विधि से शल्य चिकित्सा की जा चुकी है। 157 अर्श-भगन्दर के रोगियों ने अब तक पंजीकरण करवाया है। शिविर प्रभारी डॉ. राजकुमार पारीक ने बताया कि 4 फरवरी तक अर्श-भगन्दर एवं अन्य गुदारोगों के रोगियों की खून आदि की निःशुल्क जांचें, परीक्षण आदि करने के बाद क्षारसूत्र विधि से शल्य चिकित्सा की जायेगी। निदेशालय आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन जयपुर द्वारा आयुष मन्त्रालय भारत सरकार के निर्देश पर प्रतिदिन भर्ती रोगियों का निर्धारित प्रोटोकोल की पूर्ण पालना करते हुये। क्षारसूत्र चिकित्सा के लिये भर्ती रोगियों को प्रतिदिन जाँच, भोजन-पथ्य व आवास व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क है।

# बजटः किसी ने सराहा तो किसी ने बताया लोक-लुभावन

## - केंद्रीय बजट को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** केंद्रीय बजट को लेकर जिलेभर में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई। किसी ने सराहना की तो किसी ने लोक लुभावना बताया।

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने इसे विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बताया। कहा कि बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। अंत्योदय की विचारधारा को ध्यान में रखते गरीब, किसान, युवा व महिला सहित सभी वर्गों को मजबूती देने का काम किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी रोजगार बढ़ाने वाला बजट है। सरकारी गर्ल्स हॉस्टल खुलने से लड़कियों को पढ़ाई व कोचिंग के लिए सुरक्षित और रहने को सस्ती सुविधा मिलेगी। पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि आधुनिकता और विरासत का यह संगम स्वस्थ, समर्थ और आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के विराट संकल्प का ठोस और दूरदर्शी रोडमैप है। जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़ ने बताया कि देश की प्रगति को नई दिशा देने वाला बजट है। आर्थिक सशक्तीकरण व निवेश को प्रोत्साहन देने समेत उद्योगों को मजबूती और रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष लोकेश खंडेलवाल ने केंद्रीय आम बजट का स्वागत करते हुए इसे देश को नई दिशा देने वाला व सर्वसमावेशी और जनकल्याणकारी बजट बताया। कहा कि यह बजट आर्थिक सशक्तीकरण, जनआकांक्षाओं की पूर्ति और समावेशी विकास इन तीन मजबूत स्तंभों पर आधारित है। गरीब व मध्यम वर्ग की मूलभूत आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। वहीं, भाजपा नेता विशनसिंह देवड़ा ने इसे विकसित भारत का बजट बताते हुए कहा कि इसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। हर साल में हर बजट एक कदम आगे बढ़ा है। इस साल का बजट भी भारत को विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में एक कदम और आगे ले जाएगा। जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, जिला प्रमुख अर्जुनराम, जिला मीडिया संयोजक रोहित खत्री, नगर मंडल अध्यक्ष चिराग रावल आदि ने भी बजट को सराहनीय बताया।

### निराशाजनक रहा केंद्रीय बजट

पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने बजट को निराशाजनक बताया। कहा कि बजट पेश होते ही शेयर मार्केट धड़ाम हो गया है, जिससे प्रमाणित है कि बजट उम्मीदों पर खरा नहीं है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए कोई प्रावधान नहीं है। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह बजट कोढ़ में खाज का काम करने वाला है। लगातार बढ़ती टैक्स दरो एवं आयकर में राहत की उम्मीद थी, जो पूरी नहीं हुई। राजस्थान में ईआरसीपी की घोषणा की उम्मीद थी जिससे 15 जिलों को पानी की उपलब्धता होती। सिरोही जिले के लिए रेल मार्ग, हवाई अड्डे की एवं माही व्यास के पानी की उम्मीदें भी अधूरी रह गई।

# पुरुषार्थ के बल पर परिस्थितियों को पछाड़ना सीखिए

## कुदरत के लिए सब मनुष्य समान है, कोई छोटा-बड़ा नहीं है

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** मड़िया गांव में मेघवाल समाज की ओर से आयोजित पूनमाराम महाराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि कुदरत के लिए सब मनुष्य एक बराबर है। हवा-पानी, सूरज की रोशनी, फल, फूल आदि सभी को बराबर भाव से मिलते हैं। कुदरत के लिए कोई छोटा-बड़ा नहीं है।

उन्होंने कहा कि बेहद विषम परिस्थितियों में जन्म लेने वाले कई लोग अपने पुरुषार्थ के बल पर पूरी मानव जाति के लिए रोशनी बन गए। कबीरदास, रविदास व बाबा साहब अंबेड़कर आदि इसका उदाहरण है। ये परिस्थितियों के आगे झुके नहीं, थके नहीं और वो रूके नहीं। ये महापुरुष मानव जाति में सुधार व परिवर्तन लाने के वाहक बने। इसलिए परिस्थितियों को पछाड़ना सीखें। समारोह में मेघवाल समाज बाइस परगना के पूर्व अध्यक्ष भीमाराम मेघवाल, वरदाराम, पीसीसी सदस्य हरीश राठौड़, पाड़ीव प्रशासक देशाराम मेघवाल, कांग्रेस के रतनसिंह, खेताराम समेत कई लोग मौजूद रहे।



# मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने ग्राम बांदरसिंदरी में ग्राम उत्थान शिविर का किया अवलोकन

## किसानों से संवाद कर विभिन्न योजनाओं के चेक व स्वीकृति पत्र किए वितरित, सोलर, लखपति व राजीविका दीदियों से किया संवाद

बढ़ता राजस्थान



जयपुर,(का.स.)। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने रविवार को अजमेर जिले के किशनगढ़ उपखंड स्थित ग्राम बांदरसिंदरी में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को चेक एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए तथा काश्तकारों से संवाद कर सरकार की कृषक हितैषी योजनाओं से उन्हें मिल रहे लाभों की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार किसानों को केंद्र में रखते हुए प्रदेशभर में ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के पश्चात जयपुर में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट ग्राम 2026 का आयोजन प्रस्तावित है। इसमें किसानों को खेती एवं पशुपालन की आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का परिदृश्य बदल रहा है और किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पॉलीहाउस तकनीक से किसान प्रतिवर्ष 10 से 20 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। इसी प्रकार पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर प्लांट स्थापित कर किसान न केवल अपनी बिजली जरूरतें पूरी कर रहे हैं बल्कि अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों की आय दोगुनी करना है तथा दिन में विद्युत उपलब्ध कराना इस दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने राजीविका महिला स्वयं सहायता समूहों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं भी कृषि व ऊर्जा क्षेत्र में सशक्त भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

शिविर में किसानों से पॉलीहाउस, मछली पालन, फार्म पॉण्ड, तारबंदी एवं पीएम सूर्य घर योजना से मिल रहे लाभों की जानकारी ली गई। किसानों ने बताया कि इन योजनाओं से उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्य सचिव, संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं स्वीकृति पत्र सौंपे।

संभागीय आयुक्त श्री शक्ति सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुसार हर पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविर आयोजित कर वंचित वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से फसल बीमा कराने का भी आग्रह किया।

जिला कलक्टर लोकबंधु ने कहा कि शिविरों में किसानों के आवेदन तैयार कर स्वीकृति जारी की जा रही है। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, सहकारिता, ऊर्जा, ग्रामीण विकास एवं राजस्व विभाग द्वारा मौके पर ही सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने किसानों से समन्वित खेती मॉडल अपनाने का आग्रह किया।

## सड़क से कोर्ट तक संघर्ष का ऐलान

### ई-रिक्शा श्रमिक यूनियन मैदान में उतरी, जयपुर को प्रदूषण-मुक्त बनाने की हुंकार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ई-रिक्शा श्रमिक यूनियन ने अपनी मज़बूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए ई-रिक्शा चालकों के हक़ और सम्मान के



लिए निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया है। यूनियन ने साफ कर दिया है कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन सडक़ से लेकर न्यायालय तक ले जाया जाएगा। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि ई-रिक्शा न केवल हज़ारों परिवारों की रोज़ी-रोटी का साधन है, बल्कि प्रदूषण-मुक्त जयपुर की दिशा में यह सबसे प्रभावी और सस्ता परिवहन विकल्प भी है। इसके बावजूद चालकों को आए दिन प्रशासनिक उपेक्षा, चालान और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। संरक्षक नसीम अंसारी ने दो टूक कहा कि अगर जयपुर को स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त बनाना है तो ई-रिक्शा को बढ़ावा देना ही होगा। श्रमिकों का शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यूनियन ने प्रशासन से ई-रिक्शा नीति को स्पष्ट करने, वैध संचालन व्यवस्था लागू करने और चालकों को अनावश्यक परेशानियों से राहत देने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बाबा श्याम के किए दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**खाटूश्यामजी (नि.स.)।** सीकर जिले के खाटूश्यामजी कस्बे की प्रसिद्ध धार्मिक नगरी में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा खाटू



धाम पहुंचे जहां उन्होंने सपरिवार बाबा श्याम के दरबार में पूजा-अर्चना की। कलेक्टर शर्मा ने बाबा श्याम से आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी फाल्गुनी मेले के सकुशल एवं सफल आयोजन की मंगल कामना की।इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर का स्वागत किया। जिला कलेक्टर शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि खाटू धाम में नगरवासियों एवं देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर शीघ्र ही समीक्षा बैठक खाटू धाम में आयोजित करने की बात कही। इसके साथ ही अलोदा सडक़ मार्ग,52 बीघा पार्किंग रोड़ क्षतिग्रस्त सडक़ मार्गों की स्थिति को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग को सडक़ों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, रींगस सडक़ पर हो रहे सडक़ हादसों पर कहा कि खाटू धाम से रींगस तक पैदल पदमार्ग जो अधूरा पड़ा उसको जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया।इस मौके पर राजस्व अधिकारी रोहिताश सेपट सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पूर्णिमा पर हातोज धाम में भव्य धार्मिक आयोजन श्री कल्याण महाराज की सजी मनोहारी झांकी

बढ़ता राजस्थान

फलोदी मेगा हाईवे-कालपाड़ रोड स्थित पावन तीर्थ हातोज धाम में दिनांक 01 फरवरी 2026 को पूर्णिमा के पावन अवसर पर



सिद्धपीठ प्राचीन श्री कल्याण मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ धार्मिक आयोजन श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान श्रीजी महाराज की भव्य एवं मनोहारी झांकी सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। प्रात: 4.15 बजे विधि-विधानपूर्वक पंचामृत से भगवान श्रीजी महाराज का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात उन्हें नवीन एवं आकर्षक पोशाक धारण कराई गई तथा सुगंधित पुष्पों से सुसज्जित फूल बंगला झांकी सजाई गई। मंदिर के महंत पं. रमेश वशिष्ठ द्वारा भव्य महाआरती कराई गई। मंदिर पुजारी पं. नीरज वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्णिमा के अवसर पर दिनभर मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कल्याण महाराज के दर्शन कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की।

## उपवन तुलसी आरडब्ल्यूए की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण,एसपी विश्नोई ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** बहरोड़ उपवन तुलसी सोसायटी आरडब्ल्यूए की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एसपी विश्नोई ने नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रतिभा शुक्ला ने अध्यक्ष, अशोक चौधरी ने उपाध्यक्ष, प्रवेश सिंह रावत ने सचिव और जितेंद्र यादव ने कोषाध्यक्ष के रूप में अपने पद की शपथ ली। सोसायटी के विकास कार्यों को गति देने के लिए कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में ओमप्रकाश शर्मा, लता नेगी, पिंकी यादव, दिनेश यादव, मोनू कुमार, कमलेश यादव और हेमराज सैनी को भी शपथ दिलाई गई।

**पुलिस और जनता का समन्वय जरूरी- एसपी**

समारोह को संबोधित करते हुए एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई ने कहा कि किसी भी आवासीय क्षेत्र की सुरक्षा और विकास में आरडब्ल्यूए की भूमिका अहम होती है। उन्होंने टीम को बधाई देते हुए पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रतिभा शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सोसायटी की समस्याओं के प्राथमिकता से समाधान का भरोसा दिलाया।

## श्योपुर बस्ती में विराट हिन्दू सम्मेलन कलश यात्रा





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति श्योपुर बस्ती के द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन में विशाल कलश यात्रा श्योपुर बंशीधर जी के मंदिर से प्रताप नगर होते हुए विद्या सागर स्कूल में समापन और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वीर माता एवं मंदिर पुजारी और संयुक्त परिवार जैसे विशेष सम्मान विद्यालय प्रांगण में आयोजन किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जयपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक बाबु लाल श्योपुर नगर के कारवाहक देवेंद्र कपूर, संरक्षक जगदीश पटेल , अध्यक्ष जगदीश चन्द्रावत एवं श्योपुर बस्ती के वरिष्ठ, युवा समाज बधु सम्मलित हुए । मोहित टेलर , विष्णु शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 1101 महिलाओ ने कलश यात्रा में भाग लिया ,अंत में कार्यक्रम स्नेह भोजनप्रसादी के साथ संपन्न हुआ।

## 'केंद्रीय बजट स्वस्थ भारत-सशक्त भारत की दिशा में ठोस और दूरदर्शी कदम'

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट युवा, गरीब, महिला, किसान और मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। बुनियादी ढांचे, शिक्षा, कौशल विकास, एमएसएमई, पर्यटन और सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष रूप से फोकस किया गया है। बजट में किए गए प्रावधान विकसित भारत के विजन, आर्थिक सशक्तिकरण और मानवीय विकास को गति देंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में की गई घोषणाएं आमजन को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निर्णायक साबित होंगी श्री खींवसर ने कहा है कि अगले 5 वर्षों में 1 लाख नए संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर तैयार करने के प्रावधान से अस्पतालों में कुशल मानव संसाधन बढ़ेगा। वरिष्ठ नागरिकों और दीर्घकालिक रोगियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 1.5 लाख केयर प्रोवाइडर्स के प्रशिक्षण का निर्णय केयर ईकोनोमी को बढ़ावा देगा। मेडिकल वैल्यू टूरिज्म बढ़ाने के लिए 5 क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्रों की स्थापना, 3 नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना, आयुष फार्मेसी व औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं का उन्नयन ऐसे बड़े प्रावधान हैं, जिनसे स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। चिकित्सा मंत्री ने कहा है कि बजट में 10 हजार करोड़ रूपए की लागत से बायो फार्मा शक्ति योजना लाई जाएगी, जिससे सस्ती, गुणवत्तापूर्ण दवाओं, क्लिनिकल रिसर्च और फार्मा शिक्षा को नई गति मिलेगी। राजस्थान में भी फार्मा सेक्टर को इस घोषणा से मजबूती मिलेगी। साथ ही, कैंसर सहित अन्य दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होने से रोगियों को सीधा लाभ मिलेगा।

## तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रही दादी पोती को मारी टक्कर दोनों कि मौत

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** रींगस क्षेत्र के नजदीकी ग्राम सरगोठ स्टैंड पर रविवार सुबह 11.30 बजे एन एच 52 पर एक तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रही 70 वर्षीय पार्वती देवी पत्नी प्रभु सिंह व 13 वर्षीय अंबिका कंवर पुत्री भवानी सिंह निवासी सिंगोद कला पुलिस थाना गोविंदगढ को पिछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गई दोनों घायलों को आस पास के लोगों ने कस्बे के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने दोनों दादी पोती को मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को उप जिला अस्पताल कि मोर्चरी में रखवाया। वहीं हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार दोनों दादी पोती पैदल रींगस आ रही थी उसी दौरान अज्ञात कार ने पिछे से टक्कर मार दी। परीजनो के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया।

## केंद्रीय बजट 2026-27: महिला सशक्तिकरण और हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान, जयपुर को विरासत से विकास की नई दिशा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश केंद्रीय बजट 2026-27 को महिला सशक्तिकरण के साथ हस्तशिल्प, हथकरघा, कारीगरी और पारंपरिक कला को वैश्विक पहचान दिलाने वाला ऐसा बजट बताया है। जो जयपुर को विरासत के साथ विकास की ओर ले जाएगा।

'इस बजट में टेक्सटाइल, हैंडलूम और हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिए की गई घोषणाओं से जयपुर के कारीगरों, शिल्पकार महिलाओं और लघु उद्यमियों को स्थायी रोजगार के नए अवसर मिलेंगे'।



**महावीर कुमार टेलर**
**अध्यक्ष,नामदेव चैरिटेबल ट्रस्ट रामाज कुर्तीस रिसोर्ट**

## केंद्रीय बजट में कृषि-ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा, गौशालाओं और पशुधन संरक्षण को मिली प्राथमिकता:डॉ. अतुल गुप्ता

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में कृषि, ग्रामीण विकास, पशुपालन और जैविक अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता देना अत्यंत स्वागतयोग्य है। गौशालाओं, पशुधन संरक्षण और ग्रामीण आजीविका से जुड़े प्रावधान आत्मनिर्भर ग्राम व्यवस्था की नींव को मजबूत करेंगे। यह बजट सतत विकास, पर्यावरण संतुलन और भारतीय परंपराओं के अनुरूप आर्थिक मॉडल को आगे बढ़ाने वाला है।

**डॉ. अतुल गुप्ता**
**अंतरराष्ट्रीय संयोजक,**
**अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद**

## नारेहड़ा मंडल में उमड़ा जनसैलाबः विराट हिंदू सम्मेलन में गूंजा 'जय श्री राम' का उद्घोष

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा मंडल में कार्यसमिति के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों प्रबुद्धजनों और मातृशक्ति ने भाग लेकर भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।

**पंच परिवर्तन और समरसता का संदेश**

सम्मेलन में आरएसएस के विभाग समरसता प्रमुख सतीश अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से उद्बोधन देते हुए भारतीय संस्कृति और रीति-रिवाजों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने समाज में समरसता लाने और अपनी जड़ों से जुड़े रहने पर जोर दिया।



**वैदिक सभ्यता और संस्कारों पर जोर**

रेवाला धाम के संत स्वामी गणेशानंद ने अपने संबोधन में भारत के गौरवपूर्ण इतिहास का स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय वैदिक सभ्यता विश्व की मार्गदर्शक रही है।हमे गुरुकुल पद्धति और संस्कारयुक्त शिक्षा को पुनः अपनाना होगा। समाज को जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर समतापूर्ण बनना चाहिए।मातृशक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने में माताओं की भूमिका अहम है।

संतों का सानिध्य और उपस्थिति

कार्यक्रम में संत महावीरदास ने भी धर्म की रक्षा और समाज उत्थान पर विचार रखे। मंच पर नाडा धाम के संत बिहारीदास, राघवेंद्र, ओमी महावीर महाराज सहित कई संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ।

**हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु**

सम्मेलन के दौरान जय जय श्री राम और भारत माता की जय के जयकारों से पूरा पाण्डाल गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में संरक्षक मांगू सिंह, अध्यक्ष मालाराम, बनवारी लाल, रतनलाल, महिपाल सिंह, अर्जुन लाल पासनीवाल, सीताराम अग्रवाल, कैलाश, वीरेन्द्र सिंह तंवर, संजय जोशी, दाताराम शर्मा, महेन्द्र यादव, सुखपाल, राजेश सराधना, मुकेश सैनी, नृसिंह कांपत और राधेश्याम आर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## अजमेर रोड पर जल भराव की समस्या के समाधान हेतु नाला निर्माण कार्य 4 से प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बजट घोषणा वर्ष 2025-26 की अनुपालना में मुख्य अजमेर रोड पर कमला नेहरू नगर से भांकरोटा के मध्य होने वाले जल भराव की समस्या के स्थाई निराकरण के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बरसाती नाले का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा भांकरोटा पुलिया के नीचे से प्रारंभ होकर हीरापुरा पावर हाउस तक लगभग 2800 मीटर लंबाई में इस नाले का निर्माण किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 04.02.2026 से मुख्य अजमेर रोड की सर्विस रोड पर प्रारंभ किया जाना है। कार्य के दौरान सडक़ के कुछ भाग में सुरक्षा की दृष्टि से यातायात संचालन को रोककर कार्य किया जाएगा।

**इस अवधि में आमजन की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी :**

1. मुख्य अजमेर रोड पर यातायात यथावत संचालित रहेगा।
2. भांकरोटा से कमला नेहरू नगर की तरफ सर्विस रोड पर भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।
3. जयसिंहपुरा खोर की तरफ जाने वाले हल्के एवं भारी वाहन यथावत संचालित रहेंगे।
4. भांकरोटा से आगे कमला नेहरू नगर की तरफ सर्विस सडक़ के जिस भाग में कार्य किया जाएगा, उस भाग से पूर्व की ओर (कमला नेहरू नगर की तरफ जाने वाला ट्रैफिक) पूर्व की भांति जा सकेगा।
5. भांकरोटा पुलिया के नीचे स्थित सभी निकासों को एक साथ बंद नहीं किया जाएगा, जिससे यातायात सर्विस रोड पर आकर दक्षिण की तरफ स्थित दूसरी सर्विस रोड से कमला नेहरू नगर की तरफ जा सकेगा। उक्त निर्माण कार्य मई 2026 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

## सम्पादकीय

# खास तरह का आम बजट आत्मनिर्भर भारत पर नजर

वैश्विक अनिश्चितता के बीच जब आम बजट को लेकर कई अनुमान लगाए जा रहे थे, तब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लीक से हटकर चलने का फैसला किया। यह समय की मांग भी थी। इसी कारण इस बजट में कोई चौंकाने वाली या फिर लोकलुभावन घोषणा नहीं। ऐसा इसीलिए है, क्योंकि अनिश्चित माहौल में कोई योजना बनाना एक तरह से अंधेरे में तीर मारना होता। मोदी सरकार ने बजट के जरिये अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और उसे स्थिरता प्रदान करने वाले फैसले लिए हैं। यह भी दिख रहा है कि उसकी कोशिश आर्थिक मोर्चे पर स्थितियों को सुधारने पर जोर देना है। इसी कारण यदि आम या खास आदमी इस बजट में सीधे तौर पर खुद को लाभान्वित होता हुआ नहीं देख रहा है तो आश्चर्य नहीं। इसका यह अर्थ भी नहीं कि उसे परोक्ष तौर पर भी कुछ मिलने नहीं जा रहा है। बुनियादी ढांचे के निर्माण से लेकर सामाजिक विकास की अनेक योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों को राहत या सुविधाएं देने की कोशिश की गई है।

निःसंदेह बजट पर शेयर बाजार ने निराशाजनक प्रतिक्रिया दी, लेकिन यह पहली बार नहीं, जब शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया हो। चूंकि यह बजट पारंपरिक नहीं है, इसलिए उसकी व्याख्या भी नए तरीके से की जानी चाहिए। बजट का केंद्रीय तत्व आर्थिक और वित्तीय अनुशासन है, इसका एक प्रमाण राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को और कम करना है। इसके अतिरिक्त उन योजनाओं पर पैसा खर्च करना भी है, जिनसे देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत हो और आत्मनिर्भर भारत की नींव सशक्त बने। बजट में ऐसे कई उपाय किए गए हैं, जो उद्योग-व्यापार जगत को सीधा संदेश देते हैं कि उसे अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। यदि भारतीय उद्योग जगत को चुनौतियों से पार पाना है तो उसे यह करना ही होगा। यूरोपीय संघ से मुक्त व्यापार समझौते के बाद ऐसा करना और भी आवश्यक हो गया है। इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि हमारा उद्योग जगत वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार नहीं। कहना कठिन है कि इस बजट की घोषणाएं उसे इसके लिए प्रेरित कर सकेंगी या नहीं? जो भी हो, यह अच्छा है कि सरकार ने बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को सक्षम बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। ये कदम यही बता रहे हैं कि जो काम छोटे और मझोले कारोबारियों को करना चाहिए, उसमें सरकार हाथ बंटाने के लिए आगे आ रही है। यदि इसके बाद भी एमएसएमई क्षेत्र सक्षम नहीं बनता तो यह निराशाजनक ही होगा। वास्तव में छोटे-बड़े, सभी कारोबारियों को अपने हिस्से की जिम्मेदारी समझनी होगी। इसी तरह नौकरशाही को भी अपने रंग-ढंग बदलने होंगे। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो पांच लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास और ऐसी ही अन्य बड़ी योजनाओं का वही हश्र होगा, जो स्मार्ट सिटी योजना का हुआ। यह समझना होगा कि शहरों का विकास करने की जिम्मेदारी मूलतः राज्यों और नगर निकायों की है। केंद्र सरकार ऐसे कुछ नियम-कानून अवश्य बना सकती है, जिनसे राज्य सरकारें और नगरीय विकास की एजेंसियां अपना काम कुछ उसी तरह करें, जैसे मेट्रो परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के मामले में किया जा रहा है। बजट में सीधे तौर पर टैक्स छूट देने के बजाय टैक्स संबंधी नियम-कानूनों का सरलीकरण करने और कठोर दंडात्मक उपायों से परे जाने के जो अनेक फैसले किए गए हैं, उनसे लोगों को सचमुच राहत भी तभी मिलेगी, जब नौकरशाही का रवैया बदलेगा।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 02 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1509 - भारत में दीव (गोआ, दमन और दीव) के पास पुर्तग़ाल व तुर्की के बीच युद्ध हुआ।
- 1556 - चीन के शैन्सी प्रांत में आये विनाशकारी भूकंप में करीब आठ लाख तीस हजार लोगों की मौत हुई।
- 1626 - चार्ल्स प्रथम इंग्लैंड के सम्राट बने।
- 1788 - देश में प्रशासनिक सुधारों के लिये पिट्स नियामक अधिनियम को लागू किया गया।
- 1814 - कलकत्ता (अब कोलकाता) संग्रहालय की स्थापना हुई।
- 1862 - शंभूनाथ पंडित कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले भारतीय न्यायाधीश बने।
- 1878 - यूनान ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1890 - अमेरिकन एक्टर चार्ल्स कोरोल का जन्म हुआ।
- 1892 - रशिया ने कैलिफ़ोर्निया में 'फर ट्रेडिंग कॉलोनी' की स्थापना की।
- 1901 - क्वीन विक्टोरिया का अंतिम संस्कार हुआ।
- 1913 - न्यूयार्क में 'ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल' की ओपनिंग हुई।
- 1920 - फ़्रांस ने मैमेल पर कब्ज़ा किया।
- 1922 - जेम्स जॉयस का लिखा उपन्यास 'यूलिसिस' पहली बार प्रकाशित किया गया।
- 1939 - हंगरी ने सोवियत संघ के साथ संबंध समाप्त किये।
- 1952 - मद्रास में भारत ने पहला टेस्ट क्रिकेट जीता।
- 1953 - अखिल भारतीय खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड का गठन किया गया।
- 1966 - पाकिस्तान ने 'कश्मीर समझौते' के लिए एक महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया।
- 1982 - सीरिया ने हामा पर आक्रमण किया।
- 1990 - अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस पर 30 वर्ष पूर्व लगा प्रतिबंध हटाया गया।

## विशेष आलेख

# संतुलन की पतली रस्सी पर बजट 2026



डॉ0 प्रियंका सौरभ

1 फरवरी 2026 को संसद में पेश केंद्रीय बजट 2026 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सरकार आर्थिक अनुशासन और जनता की आकांक्षाओं के बीच संकरी राह पर चल रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाषण की शुरुआत ही स्थिरता, निरंतरता और दीर्घकालिक विकास की सोच से की। कोई अप्रत्याशित लोकलुभावन घोषणाओं का धमाका नहीं हुआ, बल्कि बजट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया। राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत रखा गया, जो पूर्व निर्धारित 4.5 प्रतिशत लक्ष्य से भी नीचे है। यह कदम वित्तीय अनुशासन की मजबूत मिसाल पेश करता है। पूंजीगत व्यय को पिछले वर्ष के 11.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 12.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया, जो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह बढ़ोतरी बुनियादी ढांचे, शहरी विकास परियोजनाओं और डिजिटल तकनीक क्षेत्रों पर केंद्रित है। निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संपत्ति मुद्रीकरण योजना के तहत 10 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्तीय वर्ष में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी, लेकिन वैश्विक आर्थिक मंदी, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और घरेलू मुद्रास्फीति जैसी चुनौतियां बरकरार हैं। बजट ने राजकोषीय घाटे को सख्ती से 4.4 प्रतिशत पर नियंत्रित रखा, जबकि प्रभावी राजस्व घाटे को 96,654 करोड़ रुपये तक सीमित किया गया, जो जीडीपी का मात्र 0.3 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय पर 12.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन को नई गति देगा। राजमार्ग निर्माण में अतिरिक्त 50,000 किलोमीटर का लक्ष्य, रेलवे विद्युतीकरण और आधुनिकीकरण पर 2.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन भविष्य की नींव को अटल बनाने का संकल्प दिखाता है। राज्यों को 1.5 लाख करोड़ रुपये का 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जो संघीय ढांचे को मजबूत करेगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने के लिए कर छूट, एकल खिडक़ी प्रणाली और तेज मंजूरी प्रक्रिया जैसे उपाय किए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है—निवेशक आइए, हम पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ये विशाल निवेश ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन करेंगे, या केवल महानगरों की चकाचौंध तक सीमित रहेंगे?

मध्यम वर्ग, जो देश की जीडीपी में लगभग 40 प्रतिशत योगदान देता है, को इस बजट में ठोस कर राहत? मिली है। पुरानी कर व्यवस्था में मानक कटौती को 50,000 रुपये से दोगुना बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह और अधिक उदार है। नई कर व्यवस्था में स्लैबों को सरल बनाया गया—5 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर। शिक्षा ऋण पर टीसीएस हटाया गया (10 लाख रुपये तक), जबकि किराया टीडीएस सीमा को 2.4 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रुपये किया गया। दो स्व-व्यवहृत आवासीय संपत्तियों पर कर राहत का प्रावधान, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष किया गया। कर संहिता को 819 धाराओं से घटाकर 536 धाराओं में सरलीकृत करने का वादा सराहनीय है। ये कदम करदाता को राजस्व का मात्र स्रोत न मानकर भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में हैं। हालांकि, जमीनी स्तर पर अनुपालन प्रक्रिया को और सरल बनाना होगा, वरना ये राहतें कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रह सकती हैं।

कृषि क्षेत्र, जो अभी भी 18 प्रतिशत जीडीपी और 65 प्रतिशत ग्रामीण आबादी का आधार है, पर बजट ने विशेष ध्यान दिया। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना को 100 जिलों में विस्तारित किया गया, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन, सिंचाई और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर। पीएम किसान सम्मान निधि में वृद्धि, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाई गई। मत्स्य पालन विकास के लिए अंडमान-लक्षद्वीप में आर्थिक क्षेत्र घोषित, फल-सब्जी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का प्रावधान। मनरेगा बजट में वृद्धि, ग्रामीण क्रेडिट स्कोरिंग प्रणाली से स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ऋण सुगम। चमड़ा-फुटवियर और खिलौना उद्योगों से 22 लाख नए रोजगार का अनुमान है। ये प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देंगे, लेकिन वास्तविक परीक्षा यही होगी कि क्या ये योजनाएं कागजों से निकलकर खेतों, बाजारों तक पहुंच पाएंगी। छोटे और सीमांत किसानों को लाभ मिलना चाहिए, न कि बड़े जमींदारों तक सीमित रहना चाहिए।

महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्मी वंदना योजना का विस्तार, स्वरोजगार ऋण पर गारंटी हटाई गई (20 लाख तक)। शहरी महिलाओं के लिए घर-आधारित कार्य को कर छूट का लाभ। पंचायती राज संस्थाओं के लिए 10,000 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां महिला आरक्षण 50 प्रतिशत है, वास्तविक नेतृत्व को बढ़ावा देगा। ये कदम लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण हैं, लेकिन पंचायत स्तर तक प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी होगा।

देश की 60 प्रतिशत युवा आबादी (35 वर्ष से कम) को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा क्षेत्र में 1.35 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट, जिसमें 50 नए आईआईटी और मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। स्किल इंडिया कार्यक्रम को 2 लाख करोड़ रुपये, इंटर्नशिप योजना से 5 करोड़ युवाओं को प्रतिमाह 1 लाख रुपये स्टाइपेंड। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सहायता, रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल। बेरोजगारी दर को 8 प्रतिशत से नीचे लाने का दृढ़ संकल्प दिखता है। स्टार्टअप इंडिया फंड को 50,000 करोड़ रुपये का आवंटन युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा। लेकिन सवाल वही है—क्या ये प्रयास नौकरियों का अवसर बनेंगे, या युवा पीढ़ी नौकरी के पीछे भटकती रहेगी?

तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) केंद्र स्थापना, 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी से 2 लाख करोड़ राजस्व लक्ष्य। डिजिटल इंडिया को 1 लाख करोड़ रुपये। स्वच्छ ऊर्जा पर 5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान—सौर पार्क, ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर 100 प्रतिशत बीमा, जन विश्वास विधेयक 2.0 से 100 से अधिक पुराने कानून सरलीकृत। ये कदम भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की रणनीति का हिस्सा हैं, लेकिन डिजिटल विभाजन को पाटना होगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी तकनीक से वंचित न रहें।

# केंद्रीय बजट 2026-27: विकास और अनुशासन के बीच संतुलन की कोशिश

*मुख्य विशेषता यह है कि बजट ने पूँजीगत व्यय को लगभग 12.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया, जिससे बुनियादी ढांचे, रेलवे, उच्च-गति रेल परियोजनाओं और शहरों की आर्थिक विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी।*



संजय खाबिया

1 फ़रवरी 2026 को संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवाँ संघीय बजट पेश किया, जो न केवल सरकार की आगामी आर्थिक प्राथमिकताओं को दर्शाता है, बल्कि मध्यम वर्ग, युवा,एमएसएमई , कृषि और बुनियादी ढांचे को लेकर कई अहम संकेत भी देता है।

**आर्थिक परिदृश्यः विकास और दीर्घकालिक लक्ष्य :** 2026-27 का बजट 4.3 त्न के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के साथ पेश किया गया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में स्थिर राजकोषीय अनुशासन को दर्शाता है। सरकार ने सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि को 6.8 प्रतिशत-7.2 प्रतिशत के बीच बनाए रखने का लक्ष्य रखा है।

मुख्य विशेषता यह है कि बजट ने पूँजीगत व्यय को लगभग 12.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया, जिससे बुनियादी ढांचे, रेलवे, उच्च-गति रेल परियोजनाओं और शहरों की आर्थिक विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी।

**कर सुधार और आपकी जेब पर असर :** नया बजट 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले इनकम टैक्स कानून की घोषणा करता है, जिससे फाइलिंग प्रक्रिया सरल होगी। वहीं विदेश यात्रा, शिक्षा और चिकित्सा पर टीसीएस दर में कमी जैसे कदम आम लोगों की जेब पर कुछ राहत ला सकते हैं। हालाँकि इनकम टैक्स स्लैब में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, स्न&ह्व ट्रेडिंग पर स्ज्जञ्ज में वृद्धि जैसे फैसले से शेयर मार्केट में कुछ उलझन देखने को मिली। यह संकेत देता है कि सरकार निवेश-उन्मुख नीतियों में संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है।

**बुनियादी ढाँचा, तकनीक और उत्पादन :** बजट ने 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, शहरों को विकसित करने वाले शहरी आर्थिक क्षेत्र और ऊर्जा संक्रमण को ध्यान में रखते हुए विविध नीतिगत उपायों पर जोर दिया है। इससे न केवल आवागमन सस्ता और तेज होगा, बल्कि रोजगार और निवेश को भी बल मिलेगा।

इसके अलावा, रेयर अर्थ मिनरल कॉरिडोर जैसे रणनीतिक संसाधन-आधारित योजनाएँ भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत कर सकती हैं, खासकर रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में।

**कृषि, एमएसएमई और सामाजिक योजनाएँ**

किसानों के लिए 'भारत विस्तार योजना' और पशुपालन तथा मत्स्य पालन जैसी क्षेत्र-विशेष योजनाएँ पेश की गई हैं, हालांकि कुछ अपेक्षित घोषणाएँ (जैसे पीएम किसान सम्मान निधि का विस्तार) इस बजट में नजर नहीं आईं।

एमएसएमई और वस्त्र क्षेत्र को भी विभिन्न योजनाओं के ज़रिये समर्थन दिया गया है, जिससे रोजगार और स्थानीय उत्पादन की क्षमता बढ़ाने का लक्ष्य स्पष्ट होता है।

**स्वास्थ्य-शिक्षा और मानव संसाधन में निवेश :** कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों की दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में छूट देने जैसे कदम से स्वास्थ्य सुविधा को सस्ता बनाने की दिशा में ठोस कोशिश दिखाई देती है। बजट ने सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देने, पर्यटन को सशक्त करने और शिक्षा-से-रोजग़ार ले जाने के लिए नई समितियाँ तथा योजनाएँ प्रस्तावित की हैं।

## लघु कथा

बढ़ता राजस्थान



एक ट्रेन में चार यात्री यात्रा कर रहे थे । उनमें एक बंगाली, एक तमिल, एक एंग्लो-इंडियन तथा एक हिंदी भाषी था । वे लोग अपनी- अपनी भाषा पर बात कर रहे थे । बंगाली महोदय बोले,' बांग्ला सबसे मीठी भाषा है । इसने भारतीय साहित्य को अत्यंत उच्चकोटि के साहित्य से समृद्ध किया है ।' तमिल- भाषी महोदय बोले,'तमिल भाषा बहुत प्राचीन है । इसका साहित्य बहुत उच्चकोटि का है । इसका प्रादुभाव तब हुआ था, जब आर्य-भाषा निम्न स्तर में थी ।' एंग्लो-इंडियन महोदय भला कैसे चुप रहते, वह बोले, अंग्रेज़ी सबसे अच्छी, सबसे सरल भाषा है । यह लगभग पूरे विश्व में बोली एवं जानी जाती है । इसका साहित्य अत्यंत समृद्ध है । इसका दूसरी भाषाओं से क्या मुकाबला! अब चौथे यात्री की बारी थी । वह किसी हिंदी-भाषी क्षेत्र के ग्रामीण रहे होंगे, बोले, 'आप लोगों की बातें सही हैं, मगर आप लोग बातें तो हिंदी में कर रहे हैं!' बाकी तीनों एक-दूसरे का मुंह देखने लगे ।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# अनार या चुकंदर, शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए क्या है ज्यादा फायदेमंद? जानें एक्सपर्ट से

**अनार खाने के फायदे**

अनार न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर भी होता है। इसमें आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन को बढ़ाने का मदद करता है। साथ ही, इसमें विटामिन-सी भी मौजूद होता है, जो आयरन के अवशोषण को बढ़ावा देता है, जिससे खून की कमी से बचा जा सकता है। इसके अलावा, अनार का सेवन दिल के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है, जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। साथ, ही यह धमनियों में सूजन को रोकता है और यह त्वचा को हेल्दी भी बनाता है। अनार का जूस उन लोगों के लिए भी पीना फायदेमंद माना जाता है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत ज्यादा कमजोर होती है। अनार का जूस पीने से शरीर को इंफेक्शन से लडऩे में मदद मिलती है। साथ ही, यह ओवरऑल हेल्थ को भी सुधरता है। अनार को सीधे खाया जा सकता है या फिर इसका जूस बनाकर पिया जा सकता है।

**चुकंदर खाने के फायदे**

चुकंदर भी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें आयरन, फोलेट, नाइट्रेट और पोटैशियम जैसे कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो सेहत को कई लाभ पहुंचाते हैं। इसके सेवन से न सिर्फ ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा मिलता है, बल्कि ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल रखने में मदद मिलती है। चुकंदर में मौजूद नाइट्रेट ब्लड वेसल्स को रिलैक्स करता है और ऑक्सीजन की सप्लाई को बेहतर बनाता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप अपने किसी काम को लेकर यदि लंबे समय से परेशान थे, तो वह भी पूरा हो सकता है। जीवनसाथी से चल रही अनबन भी बातचीत के जरिए दूर होगी।

**वृष**

आज आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके व्यवसाय के लिए बेहतर रहेंगी, लेकिन किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन**

आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी और आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। संतान की नौकरी को लेकर आप कोई फार्म भरवा सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको अपनी माताजी से किए हुए वादे को पूरा करना होगा और किसी नई प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त की योजना आप बनाएंगे।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, क्योंकि आपको किसी पैतृक संपति की भी प्राप्ति होगी और आपकी इन्कम बढ़ने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। किसी पार्टी आदि में जाने का आपको मौका मिलेगा। वहां आप किसी से कोई बात सोच समझकर बोले।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। आप अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतें, इसलिए अपने खान-पान पर थोड़ा कंट्रोल करने की कोशिश करें।

**धनु**

आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी न होने से आप परेशान रहेंगे और आपका मन काम करने में भी नहीं लगेगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह सलाह लेने से बचें और परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपको भागदौड़ करनी होगी।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके बिजनेस में अच्छा लाभ मिलने से खुशी होगी और आपका डूबा धन भी आपको मिल सकता है।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, क्योंकि उन्होंने यदि परीक्षा को दिया

**मीन**

आज आपके मन में काम को लेकर उथल-पुथल रहेगी, क्योंकि आपके बिजनेस में उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे। यदि कोई पार्टनरशिप की थी, तो पार्टनर से आपको धोखा मिल सकता है, इसलिए आप अपनी आंख और कान खुले रखें।

## देवली शहर के नगर पालिका पार्षद और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि निर्विरोध अध्यक्ष बने

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** जानकारी के अनुसार रविवार को बूंदी के नागदी बाजार स्थित बघेरवाल धर्मशाला में समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था (बूंदी प्रांत) का चुनाव कार्यक्रम



आयोजित हुआ इस बैठक में देवली शहर के नगर पालिका पार्षद और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भीमराज जैन को सर्व समिति से अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुन लिया गया। उल्लेखनीय की पार्षद भीमराज जैन देवली शहर की विवेकानंद कॉलोनी निवासी है। जानकारी के अनुसार भीमराज जैन इससे पूर्व उक्त संस्था में उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए अपनी सेवाएं दे रहे थे। संस्था ने उनके इस सक्रिय योगदान को देखते हुए उन्हें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सोपी है। बूंदी शहर के बघेरवाल धर्मशाला में आयोजित इस बैठक के दौरान टोंक और बूंदी जिले से समाज के दर्जनों समाज सदस्य और पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिन्होंने भीमराज जैन के अध्यक्ष बनने पर उन्हें माला पहनाकर और मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं भेंट की। इस अवसर पर भीमराज जैन बताया कि समग्र दिगंबर जैन बूंदी प्रांत में टोंक और बूंदी जिले से समाज के लोग शामिल है। इनके अलावा अशोक कुमार बूंदी को महामंत्री और सुरेश कुमार लाखेरी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है।

## देशवासियों की आकांक्षाओं को नई दिशा देने वाला बजट - चंद्रवीर सिंह चौहान



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** भाजपा कार्यालय टोंक पर जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय बजट को सुना ।। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा एस. सी. मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट जनकल्याणकारी है यह बजट युवा शक्ति, नारी सशक्तिकरण, किसान कल्याण और गरीबों के उत्थान के लिए की गई घोषणाएँ देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेंगी। साथ ही डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रावधान भारत को विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से अग्रसर करेंगे।इस बजट के तीन कर्तव्य हैं - निवेश व रोजगार से इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा, नागरिकों को बेहतर सुविधाएं व अवसर, और सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाना।जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि यह बजट 145 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को नई दिशा देता है।यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करता हैं यह बजट विकसित भारत का मजबूत रोडमैप है, जो बुनियादी ढांचे से ्रक्षा तक, ग्रामीण समृद्धि से पर्यटन तक, युवा शक्ति की भागीदारी से मजबूत अर्थव्यवस्था तक और स्वास्थ्य सेवाओं से जन कल्याण तक हर क्षेत्र को समेटे हुए है यह बजट युवाओं के कौशल, नारी शक्ति के सम्मान और राजस्थान के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देने वाला है।इस अवसर पर पूर्व एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सतीश चंदेल,नरेश बंसल,जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया,जिला प्रवक्ता जुली शर्मा,कार्यालय प्रभारी शम्भू शर्मा,मीडिया प्रभारी कमलेश यादव,मंडल अध्यक्ष विष्णु चांवला सहित अन्य मौजूद रहे।

## सर्राफा बाजार में आभूषण की दुकान से दुकानदार की नजर चुरा कर 14 लाख के आभूषण किए पार,



बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** शहर के सर्राफा बाजार की दुकान पर आभूषण खरीदने के दौरान चार महिला पुरुषों ने दुकानदार की नजर चुराते हुए करीब 14 लाख कीमत के आभूषण चुराने के मामले में 10 दिन बाद भी पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। सर्राफा व्यवसायी अनिल कुमार जैन ने बताया कि सर्राफा बाजार में भैंरुजी के मंदिर के पास उसकी दुकान है। 23 जनवरी को दो महिलाएं और दो पुरुष उसकी दुकान में खरीदारी करने के लिए आए थे। उन्होंने करीब एक लाख से अधिक कीमत के आभूषण खरीदे। इसी दौरान नजऱे चुराते हुए उन्होंने दुकान से सोने के पेंडल, सोने की अंगूठी व अन्य आभूषण जिनका वजन करीब 88 ग्राम तथा कीमत करीब 14 लाख रूपए है। को चुराकर ले गए। उनके जाने के बाद उसने ज्वेलरी संभाली तो चोरी होने की जानकारी मिली। इस पर चोरो की शहर के कई स्थानों पर तलाशी की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। चोरी की सूचना तत्काल पुलिस को उसी दिन दे दी गई। पीड़ित ने बताया कि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करवा दिए गए थे। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। थानाधिकारी घासीराम ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और तफ्तीश जारी है।

# युवा, महिला, किसान एवं गरीब कल्याण को समर्पि विकासोन्मुखी बजट-मानसिंह

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को संसद में पेश किए गए आम बजट को भाजपा ने गरीबों के कल्याण, किसानों के उत्थान, मातृशक्ति के सम्मान और नौजवानों की मुस्कान को समर्पित बताया है। साथ ही इसे लोक-हितैषी, जनकल्याणकारी बजट बताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है।





जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर और प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत 2026-27 के ऐतिहासिक भाषण का सामूहिक रूप से लाइव प्रसारण देखा गया, जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह बजट 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो किसान, युवा, महिला, श्रमिक, मध्यम वर्ग और देश के हर वर्ग के जीवन में नई आशा और समृद्धि का संदेश देता है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी, सशक्त एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व में यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में सशक्त प्रयास है बजट सत्र सुनने के पश्चात जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने बजट के विषय में अपने विचार रखे और इसे एक समृद्ध बजट बताया, इसके पश्चात सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बजट का स्वागत किया! तत्पश्चात आतिशबाजी करके सभी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की! इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश जैन, जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग , पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, पूर्व सभापति गीता सैनी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बनवारी जाट, प्रकोष्ठ संयोजक बलवीर सिंह, जिला मंत्री हरफूल मरमट, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, बजरिया मंडल महामंत्री केशव शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, रामपाल बालोत, विकास लखवानी, सतीश शर्मा, लवलेश पाराशर आदि पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे । उधर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य हेमंत शर्मा ने कहा कि यह बजट आम आदमी के हितों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया संतुलित और दूरदर्शी बजट है। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव न कर सरकार ने मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला है। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई बढ़ाने पर दिया गया ज़ोर आने वाले समय में राहत देने वाला साबित होगा। एमेसएमई और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देकर छोटे उद्योगों और स्थानीय रोजगार के नए अवसर खोले गए हैं। वहीं रेल, सडक़ और परिवहन क्षेत्र में बढ़ा हुआ निवेश देश की कनेक्टिविटी मजबूत करेगा और आम नागरिक की यात्रा को अधिक सुविधाजनक व किफायती बनाएगा। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट विकास, स्थिरता और जनकल्याण का भरोसा दिलाने वाला है।

## ग्राम उत्थान शिविरों में योजनाओं से लाभन्वित हो रहे ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रविवार को जिले के गिरदावर सर्किल में ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर काना राम के निर्देशानुसार अधिकारियों ने आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित संबंधित विभागों की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक खेमराज मीणा ने बताया कि रविवार को जिले के गिरदारवर सर्किल रवांजना डूंगर, बहरावड़ा खुर्द, बैराड़ा ,बामनवास पट्टी खुर्द, तलावड़ा तथा रायपुर में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कृषि उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबन्धन एवं पंचायती राज विभाग द्वारा विभिन्न




प्रकार की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए इच्छुक आवेदकों के आवेदन तैयार करवाए गए। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों व संबंधित विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया गया। जिले में अभी तक आयोजित शिविरों में 1320 किसानों को कृषि विभाग की तारबंदी के आवेदनों के वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। इसी तरह 404 किसानों को पाईप लाईन, 5199 को फसल बीमा योजना, 28 को बैलों से खेती योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि के आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी, 5680 को समर्थन मूल्य की जानकारी, 5605 को कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही 5685 किसानों में मिनी किट वितरण का सत्यापन और 2950 में बीज वितरण का सत्यापन किया गया। शिविर में अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ 1437 सॉयल हैल्थ कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग द्वारा फव्वारा, ड्रिप, प्लास्टिक मल्च इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विपणन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना की जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि, गैर कृषि 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना, नए कस्टम हायरिंग सैटर के आवेदन तैयार करवाने की जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग द्वारा 3,980 पशुओं को प्राथमिक चिकित्सा करते हुए कृमिनाशक औषधि पिलाई। उन्होंने बताया कि फीवर रोग टीकाकरण, 24 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान व 1008 फर्टीलिटी किट का भी वितरण किया गया। 12,060 किसानों को गौशाला विकास योजना की जानकारी दी गई।

## केंद्र सरकार विस्थापन और डूब क्षेत्र पर श्वेत पत्र जारी करे : हरीश मीणा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** टोंक सवाईमधोपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद हरीश चंद्र मीना ने नियम 197 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश कर केंद्र सरकार से विस्थापन और डूब क्षेत्र पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। टोंक-सवाई माधोपुर के सांसद मीना ने प्रस्तावित डूंगरी बांध परियोजना को लेकर केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। संसद में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लोकसभा की कार्य-संचालन नियमावली के नियम 197 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए सांसद महोदय ने स्पष्ट किया है कि 'यह मुद्दा अब केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि पूर्वी राजस्थान की जनता के भविष्य, अस्तित्व और विश्वास से जुड़ा प्रश्न बन चुका है।' जनता के बुनियादी सवाल और अनिश्चितता टोंक-सवाई माधोपुर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों की जनता महीनों से अनिश्चितता और भय के साए में जी रही है। लोग लगातार पूछ रहे हैं इस बांध से वास्तविक



लाभ किसे मिलेगा? कितने गांव प्रभावित होंगे? कितने घर उजड़ेंगे और कितनी उपजाऊ कृषि भूमि डूब में जाएगी? दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि इन बुनियादी सवालों पर सरकार की ओर से आज तक ठोस, पारदर्शी और भरोसेमंद जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। सरकार और जनता के बीच अविश्वास की खाई सांसद ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सदन को अवगत कराया है कि स्वयं जल शक्ति मंत्री द्वारा लोकसभा में पूर्व में दिए गए उत्तर में कहा गया था कि 'कौनसा गांव डूबेगा, कितना डूबेगा, अभी पता नहीं है'। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर लोगों में भारी आशंका है, जो यह दर्शाती है कि सरकार और जनता के बीच अविश्वास की गंभीर खाई बन चुकी है। उन्होंने सरकार को अवगत करवाया है कि जब हजारों परिवार अपनी जमीन, अपनी पहचान और पीढ़ियों की मेहनत को खोने की आशंका से जूझ रहे हों, तब सरकार का दायित्व केवल फाइलों में योजनाएं आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि हर तथ्य, हर अध्ययन और हर निर्णय को जनता के सामने ईमानदारी से रखना है। विकास बनाम लोकतांत्रिक मूल्य माननीय सांसद महोदय ने सरकार का ध्यानाकर्षण करते हुए मांग की है कि विकास का अर्थ विस्थापन नहीं हो सकता। कोई भी परियोजना तब तक जनहितकारी नहीं मानी जा सकती, जब तक उसमें पारदर्शिता, संवाद और जन-सहमति शामिल न हो। जनता पर निर्णय थोपना विकास नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है।

### सांसद की प्रमुख मांगे

मीना ने सरकार से मांग की है कि डूंगरी बांध से जुड़े सभी निर्णय, सर्वेक्षण, डूब क्षेत्र का आकलन एवं प्रभाव अध्ययन सार्वजनिक किए जाएं। प्रभावित होने की आशंका झेल रही जनता को स्पष्ट जवाब दिया जाए।

## टोंक में खटीक समाज का द्वितीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 1 मई को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** खटीक समाज के द्वितीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष मुकेश खटीक के नेतृत्व में रविवार को गांधी पार्क स्थित हनुमान मंदिर में समाज के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक आयोजित हुई।इस बैठक में 1 मई 2026 को टोंक में होने वाले सम्मेलन को सुचारू रूप से आयोजित करने की रणनीति तैयार की गई।

समिति ने 51 जोड़ों का निशुल्क विवाह संपन्न कराने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मुकेश खटीक ने सम्मेलन में होने वाले भोजन के समस्त खर्चे वहन करने की घोषणा की, जबकि सुरेश परिड़वाल ने पहल करते हुए 21,000 रुपये की पहली रसीद कटवाई।

समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने दोनों की सराहना की और धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में सीताराम चावला, मुकेश किराड़, सज्जन जी पहाडिया, विजय चावला, अजय चावला, मनमोहन किराड़, ओमप्रकाश चावला, राजेंद्र चावला, रवि तसेरा, रामस्वरूप जी, अनिल तसेरा, कन्हैया लाल टेपण, ब्रिजेश परिड़वाल आदि उपस्थित रहे।

## संत रविदास की जयंती,भाजपा कार्यालय में हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** संत रविदास जी की जयंती भाजपा कार्यालय टोंक पर जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान बकी अध्यक्षता में मनाई गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद मेघवाल रहे।साथ ही सामुहिक रूप से भाजपा कार्यालय पर बजट को सुना गया।एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद मेघवाल ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली सरकार है जिसके नेतृत्व में हर समुदाय को एक समान नजर से देखकर संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती को सरकारी तौर पर मनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास किसी एक जाति के नहीं बल्कि सर्व मानस जन



के प्रेरणा के स्वरूप थे।सामाजिक समरसता का संदेश देती उनकी शिक्षाएं आज भी एकता, सद्भावना व चरित्र निर्माण हेतु सर्वथा अनुकरणीय हैं।

संत रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रेरणादायक हैं।समाज सुधारक संत रविदास ने अपनी दोहों और उपदेशों के माध्यम से जाति आधारित सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संदेश दिया है।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के महान संत थे। उन्होंने अपने उपदेशों और वाणी के माध्यम से समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत और जातिगत असमानता के विरुद्ध सशक्त आवाज उठाई।संत परंपरा में गुरु रविदास जी भक्ति, समता और मानव मूल्यों के ध्वजवाहक हैं। उन्होंने अपने विचारों और वाणी से जाति-भेद, ऊंच-नीच और अन्याय का विरोध किया तथा प्रेम, करुणा और भाईचारे का संदेश दिया।इस अवसर पर पूर्व एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सतीश चंदेल,दीपक संगत,नरेश बंसल,जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया,जिला उपाध्यक्ष बबलू टैंकर, प्रधान काबरा,जिला मंत्री नीलिमा आमेरा,बीना छामुनिया,रामकिशन गुर्जर,जिला प्रवक्ता जुली शर्मा, रत्तीराम पहाडिया, जिला प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश मंगल,कार्यालय प्रभारी शम्भू शर्मा,मीडिया प्रभारी कमलेश यादव,बलवंत मराठा,आरव सिसोदिया,मंडल अध्यक्ष विष्णु चांवला,सुरेश काचरिया,भगवान सैनी,धोलू गुर्जर,मनीष सिसोदिया, पंकज पहाडिया, देवराज गुर्जर, चरण सिंह चौधरी, हर्षित जैन ममता शर्मा हकीकत राय सौदा, नवरत्न वर्मा, रेखा जाजू, अभिनव जैन, चौथमल विजय, शंकर विजय,सहित अन्य मौजूद रहे।

**टोडारायसिंहः बासेड़ा में हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन**

# जाति की दीवारें तोड़ एकजुट हुआ हिन्दू समाज, गुंजा वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक।** उपखंड क्षेत्र में ग्राम पंचायत बांसेड़ा में सर्व हिंदू समाज के लोगों द्वारा मिलकर बगरू के बालाजी प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्व समाज का पंच परिवर्तन का आह्वान किया गया । जिसमें रामधुनि, संगीत मय हनुमान चालीसा पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में पुराने खिलाडियों, प्रतिभावान छात्र -छात्रा, वृद्धजन, गौ रक्षा समिति, महिला कर्मचारी, बिजली कर्मचारी, रामधुन मण्डली, समाज सेवी, सैनिकों, सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित किया





गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दीनदयाल टोंक ने बताया कि भेदभाव मुक्त समाज में समरसता व सद्भाव बने,हम सब मिलकर पेड़ लगाकर पानी बचाकर,प्लास्टिक मुक्त कर पर्यावरण का संरक्षण करें।हमारे संयुक्त परिवार में संस्कारों की पाठशाला बनें,हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध होना चाहिए,स्व भाषा,स्वभूषा,स्वभजन,स्वभोजन,स्वभवन, स्वभ्रमण यानी सभी अपनी गौरव शाली परम्परा से जुड़े होने चाहिये ।ग्राम के महिलाएं सहित लोग उपस्थित रहे ।योगी बाबा महाराज जी, सरपंच प्रधान चौधरी, कैलाश स्वामी, शिवजी लाल चौधरी, जितेन्द्र साहू, कृष्ण स्वामी, ओम प्रकाश धाकड़, मुकेश चौधरी, धर्मराज सिंह, सुरेश कुमार, प्रकाश बैरवा आदि मौजूद रहें।

## निवाई में स्वामी रामचरण महाराज का 306वां प्राकट्य महोत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा शाखा निवाई के तत्वाधान में शनिवार को स्वामी रामचरण महाराज का 306वां प्राकट्य महोत्सव शहर के एक नीजि गार्डन में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढकऱ हिस्सा लिया तथा महाराज श्री के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समाज अध्यक्ष जितेन्द्र विजय ने बताया कि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ रामचरण महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात भक्तिमय भजन



संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें गायक कलाकारों ने स्वामी रामचरण जी के जीवन दर्शन एवं महिमा का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने महाराज श्री की आरती उतारकर खुशहाली की कामना की। इस दौरान णेश विजय, कमलेश विजय, कन्हैया लाल विजय, कैलाश चंद विजय, राजेश विजय, नाथूलाल विजय, नरेन्द्र विजय, रामकल्याण विजय, प्रदीप विजय, रामराय विजय, ओमप्रकाश विजय, हेमराज सांखना, ओम प्रकाश विजय सांखना, डॉ. सीताराम विजय, अभिषेक विजय मेहन्दवास, किशन गोपाल विजय सांखना, रामबाबू विजय भरथला, चौथमल विजय अरनियामाल, नवरतन विजय डोडवाड़ी, रिंकू विजय, रवि प्रकाश विजय, मनोहर देवी विजय, नवल किशोर विजय एवं अनिल विजय पत्रकार आदि मौजूद थे।

## बजट के लेकर प्रतिक्रिया

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** केंद्रीय बजट में सरकार विकसित भारत की बात करती है लेकिन उद्योगों के लिए नहर का पानी लाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं मैन्युफैक्चरिंग में किस प्रकार वृद्धि होगी आखिर दूसरी तरफ सरकार डिजिटल भारत के स्वप्न के साथ मध्यम, कुटीर एवं सूक्ष्म उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार की प्रतिस्प्रदा में शामिल करने के प्रयास किए हैं, जो कि औद्योगिक कैटेगरी के अनुसार सूक्ष्म ही है, कोटपुतली बहरोड़ जिले के उद्योगों को जल की कमी का सामना करना पड़ रहा है यहां के उद्योगों की यह अहम समस्या जस की तस बनी हुई है, इसे सरकार द्वारा यमुना नहर के पानी को उद्योगों तक पहुंचाने की पूर्ण एवं शीघ्र प्रयास की योजना क्रियान्वयन में लाई जानी चाहिए थी ताकि औद्योगिक विकास को और भी गति मिल सकें। औद्योगिक क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र के नियमों से विमुक्त करना चाहिए ताकि उद्योग नियमित रूप से अपने उत्पादन के लिए संचालित रह सकें।



**कृष्ण गोपाल कौशिक**
**अध्यक्ष,नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन**



लखपति दीदी प्रोग्राम जो कि सेल्फ हेल्प उद्यमियों इन्नोवेटिव फाइनेंस जैसी योजनाऐं महिलाएं पूर्व से चला रही है किंतु उनके पैसे से आर्थिक स्थिति को मजबूती नहीं मिल रही। ग्रामीण महिला उद्यमी के लिए एवं सहायता उद्यम यानी शीमार्ट की शुरुआत करेगी लेकिन सरकार को गृहणियों के रसोई से जुड़े बजट की ओर ध्यान देना था, क्योंकि महंगाई दर में वृद्धि, आसमान को छूते रसोई से जुड़े सामान के दाम परिवार के बजट को हिला कर रख रहे हैं, महिलाएं परिवार के खर्चे को तालमेल में बनाए रखती। किन्तु सरकार ने आम गृहणियों के लिए किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी है। ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार देने के लिए सरकार को लघु उद्योग से संबंधित घर बैठे ही कुछ कार्य दिए जाने चाहिए। जिससे महिलाओं का सामूहिक उत्थान हो सके।

**रुकमणी कौशिक**
**सदस्य,राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद्, राजस्थान चैप्टर**

### केन्द्रीय बजट की घोर निन्दा क्योंकि यह मंदारी का डमरू-सैनी



केन्द्रीय बजट पर अपनी टिप्पणी देते हुए बानसूर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता ने ने इसे मंदारी का डमरू बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट ऐसा कुछ नहीं है जैसे मंदारी का खेल देखने के बाद कुछ नहीं मिलता। ठीक उसी प्रकार यह मंदारी का डमरू अन्दर से खाली है। सैनी ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से भारत के सबसे बड़े व सीमावृति प्रदेश को क्या मिला। जिस ईआरसीपी की बात भाजपा ने डमरू बजाकर की उसका उल्लेख इसमें कहीं नहीं है। इसलिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी व टीम शकुंतला रावत इस बजट की घोर निन्दा करती है।

### निशुल्क आयुर्वेद क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के पोस्टर का उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने किया विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग की ओर से दिनांक 6 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक 10 दिवसीय निशुल्क अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन स्वामी लीला शाह जी की कुटिया वल्लभग्राम जिला खैरथल- तिजारा में किया जाएगा।आयुर्वेद विभाग अलवर के जनसंपर्क प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने बताया कि आज दिनांक 1 फरवरी को अलवर पधारे माननीय उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, माननीय वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा एवं माननीय रमेश खींची विधायक कठूमर के द्वारा एक कार्यक्रम में नि:शुल्क अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर आयुर्वेद विभाग अलवर के उपनिदेशक डॉ. करण सिंह दहिया, सहायक निदेशक डॉ सुरेश कुमार वर्मा, आयुर्वेद विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र चौधरी, डॉ यादराम गुर्जर, डॉ बनवारी लाल बैरवा, डॉ अशोक कुमार बैरवा, डॉ रमन लाल, डॉ मोहन सिंह नाहर उपस्थित रहे।

### ओरेकल टैलेंट हंट एग्जाम फेज-2 का हुआ आयोजन, एग्जाम में विद्यार्थियों का उमड़ा हुजूम

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के पोस्ट आफिस के पास स्थित ओरेकल एकेडमी एंड कैरियर इंस्टिट्यूट राजगढ़ में रविवार को टैलेंट हंट एग्जाम का आयोजन किया गया। जिसमें फेज-2 में लगभग 800 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने भारी संख्या में इसमें भाग लेकर दिखाया कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के मंच की बहुत आवश्यकता है। इंस्टिट्यूट के निदेशक मनोज कुमार सैनी ने बताया कि इंस्टिट्यूट स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करती है। जिससे इंस्टिट्यूट स्टूडेंट्स की प्रतिभा को एप्रिशिएट करने के साथ-साथ कक्षा 6 से ही प्री फाउंडेशन जैसी परीक्षाओं की प्रिपरेशन करवाकर स्टूडेंट्स के फाउंडेशन को मजबूत करके नेशनल लेवल की एग्जाम नीट व जेईई में सलेक्शन की राह को आसान बनाती हैं। उन्होंने बताया कि एडमिशन लेने पर स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप के रूप में आर्थिक सहयोग भी प्रदान करती है। संस्था के निदेशक मनोज कुमार सैनी ने बताया कि इंस्टिट्यूट आगे भी इसी प्रकार की एग्जाम आयोजित करती रहेगी। संस्था के सेंटर हेड हिमांशु जोशी ने बताया की फेज-2 का रिजल्ट्स 24 फरवरी 2026 को जारी किया जाएगा। यह रिजल्ट्स ओरेकल एकेडमी एण्ड कैरियर इंस्टिट्यूट के नोटिस बोर्ड पर लगाया जाएगा व स्टूडेंट्स को फोन करके भी रिजल्ट के बारे में इनफार्मेशन दी जाएगी।

## पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत का दौरा

# पशुपालन को मजबूत आधार देने हेतु योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही : कुमावत

## कुरज में पाँच दिवसीय पशु मेले का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने रविवार को राजसमंद जिले के ग्राम पंचायत कुरज में आयोजित पाँच दिवसीय भव्य पशु मेले का विधिवत शुभारंभ किया। यह पशु मेला न्याति पेवेलियन मैदान, बस स्टैंड के समीप दिनांक 1 फरवरी से 5 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, पूर्व प्रधान अरविन्द सिंह राठौड़, समाजसेवी मान सिंह बारहठ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा पशु चिकित्सालयों में रिक्त पदों को भरने के लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पशुओं में खुरपका, लंपी स्किन डिजीज सहित अन्य गंभीर रोगों से मृत्यु होने पर पूर्व में पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था, जिसकी कोई भरपाई नहीं हो पाती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पशुओं के लिए बीमा योजना प्रारंभ की गई है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। मंत्री कुमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा की अनुपालना में प्रदेश के प्रत्येक जिले में पशु मेलों का आयोजन किया जा रहा है। पहले पशुपालकों को दूर-दराज के पशु मेलों में जाने के लिए समय और धन दोनों खर्च करने पड़ते थे, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर पशु मेलों के आयोजन से पशुपालकों को अपने क्षेत्र में ही अच्छी नस्ल के पशुओं के क्रय-विक्रय का अवसर मिल रहा है। कुरज में पशु मेला प्रारंभ होने से क्षेत्र के पशुपालकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पशुपालन क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है। मंगला पशु बीमा योजना सहित अनेक योजनाओं का लाभ पशुपालक उठा रहे हैं। राजस्थान में कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर आबादी का बड़ा वर्ग है और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में किसानों व पशुपालकों का महत्वपूर्ण योगदान है। सरकार का निरंतर प्रयास है कि किसान एवं पशुपालक आर्थिक रूप से सशक्त बनें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश का हर वर्ग मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि हालिया केन्द्रीय बजट 2026-27 में भी ग्रामीण भारत को विशेष मजबूती प्रदान की गई है। वहीं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के स्थान पर वीबी-जीरामजी अंतर्गत 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने पशु मेले के सफल आयोजन पर सभी आयोजकों एवं पशुपालकों को बधाई दी। पशु मेले में विभिन्न नस्लों के पशुओं की प्रदर्शनी, क्रय-विक्रय, पशु स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए हैं, जिससे पशुपालकों को एक ही स्थान पर बहुआयामी लाभ मिल सके।

## दून वैली सेकंडरी स्कूल, अलवर का कक्षा 10वी का विदाई समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** रविवार को दून वैली सेकंडरी स्कूल, अलवर का कक्षा 10वी का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऊधम सिंह यादव, डीएसपी विशिष्ठ अतिथि के एल भूटानी , समाज सेवी, कैलाश अरोड़ाऔर समाज सेवी विनोद गोस्वामी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने पंजाबी, राजस्थानी भव्य नृत्य प्रस्तुत किए, स्टाफ द्वारा दिव्य सर्व धर्म सत्संग करके क्लास 10वी के बच्चों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया गया। 9वी के बच्चों ने अपने सीनियर्स के लिए शुभकामनाएं दी,उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कक्षा 10वी में से मिस दून वैली सौम्या यादव , मिस्टर दून वैली हितेश कुमार को चुना और सम्मानित किया गया। गत वर्ष 10 बोर्ड की टॉपर्स , 8वी बोर्ड के टॉपर्स, कक्षा 9वी के टॉपर्स को भी शील्ड और पुरस्कार देखा सम्मानित किया गया। विद्यालय की उत्कृष्ट सेवा के लिए शिक्षिका कल्पना शर्मा को भी सम्मानित किया । संस्था के प्रधानाचार्य एन एस भूटानी ने अपने संबोधन में बच्चों को कठोर मेहनत, लग्न, ईमानदारी,और निष्ठा से आगे बढने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र हिमांशु मीणा के आरएएस बनने पर उन्हें और उनके परिवार को बधाई प्रेषित की गई। मंच संचालन सविता गुप्ता और गरिमा गोयल ने किया।

ज्ञात रहे पिछले 5 वर्षों से विद्यालय का 10वी बोर्ड परीक्षा परिणाम 100प्रतिशत रहा है, विद्यालय के गत 5 वर्ष में 46 बच्चों ने 90प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक अंक प्राप्त कर पूरे अलवर शहर में रेकॉर्ड बनाया है। पिछले सत्र भी 10वी बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान 97प्रतिशत प्रीति चौधरी, द्वितीय स्थान 96प्रतिशत लोकेश यादव और तृतीय स्थान 95प्रतिशत अंक आदित्य चौधरी ने प्राप्त किया, इन सभी के साथ साथ बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अनुष्का और भावेश बैरवा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक शैलेंद्र कुमार ने सबका आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में सभी ने मिलकर 'चलते चलते मेरे ये गीत याद रखना' को गाकर कार्यक्रम का समापन किया। उपरोक्त जानकारी संस्था के कार्यालय सहायक बलदेव अरोड़ा द्वारा दी गई।

## राजसमंद में केंद्रीय बजट 2026-27 का सामूहिक श्रवण, जनप्रतिनिधियों ने बताया ऐतिहासिक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर रविवार को नगर परिषद के पास स्थित राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी के कार्यालय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने बजट का लाइव प्रसारण सुना। इस अवसर पर बजट को विकसित भारत-2047 की दिशा में मजबूत और दूरदर्शी कदम बताया गया। बजट में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार, रूस्रूश्व, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन और आधारभूत संरचना पर विशेष फोकस को आमजन हितैषी बताया गया।

### नारी शक्ति और विकसित भारत की नींव है बजट 2026-27-



जोराराम कुमावत, पशुपालन मंत्री पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 देश की नारी शक्ति के सशक्त नेतृत्व का प्रतीक है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार बजट प्रस्तुत करना ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह बजट ट्रस्ट-बेस्ड गवर्नेंस, ह्मन-सेंट्रिक अर्थव्यवस्था और हाई-ग्रोथ के संतुलन को दर्शाता है।

### युवा, महिला और किसान केंद्रित बजट-सांसद महिमा कुमारी मेवाड़



**राजसमंद।** सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय बजट 2026-27 को युवा शक्ति, महिला आत्मनिर्भरता, किसान कल्याण और आर्थिक सुदृढ़ता को समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि 53 लाख करोड़ रुपये के बजट में शिक्षा, रोजगार, नवाचार, रूस्रूश्व और पर्यटन पर विशेष ध्यान दिया गया है। रूस्रूश्व के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान से स्थानीय रोजगार सृजन को बल मिलेगा। पर्यटन, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़े प्रावधान राजस्थान सहित राजसमंद क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।



यह बजट युवाओं के लिए नए अवसरों का मजबूत आधार तैयार करता है। शिक्षा, कौशल विकास, रद्ब और नवाचार पर विशेष फोकस से युवा बदलते समय की ज़रूरतों के अनुसार खुद को तैयार कर पाएंगे। पढ़ाई से रोजग़ार तक का सफर आसान होगा और स्टार्टअप, टेक्नोलॉजी व रिसर्च के ज़रिए युवाओं के सपनों को नई दिशा और उड़ान मिलेगी।

**नीलेश पालीवाल - युवा राजसमंद**

**4 फरवरी को सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर**

## जीवन में संयम का महत्व, जब संयम होता है तब बीमारियों से जीत जाते हैं : मुनि श्री संबोध कुमार जी

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आचार्य श्री महाश्रमण जी के पावन आशीर्वाद एवं अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में देशभर में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में तेरापंथ महिला मंडल राजनगर एवं कांकरोली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 04 फरवरी 2026, मंगलवार को सर्वाइकल कैंसर जांच हेतु पैप स्मियर टेस्ट का विराट शिविर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन 100 फीट रोड स्थित स्वास्थ्य भवन (सी. एम.एच.ओ कार्यालय परिसर), राजसमंद में किया जाएगा। मुनि श्री संबोध कुमार जी ने रविवार को भिक्षु निलयम में संबोधित करते हुए कहा की मानव जीवन में संयम का महत्व सर्वाधिक है, जब जीवन में संयम होता है तब हम बीमारियों से जीत जाते हैं, खान-पान, रहन-सहन हर जगह संयम अपनाना आवश्यक है। उन्होंने आमजन से शिविर का लाभ लेने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। तेरापंथ महिला मंडल राजनगर अध्यक्षा रितु धोका एवं तेरापंथ महिला मंडल कांकरोली अध्यक्षा मनीषा कच्छारा ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में मुनि श्री सुरेश कुमार के सहवर्ती मुनि श्री संबोध कुमार 'मेधांश' ने अपने सम्बोधन में कहा कि जीवन सदियों के पुरुषार्थ का परिणाम है। आज स्वास्थ्य सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। कैंसर निश्चित ही एक गंभीर चुनौती है, लेकिन सतत प्रयास, जागरूकता और संयम से इस पर विजय पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह शिविर राजसमंद की नारी शक्ति को निरामय एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

तेरापंथ महिला मंडल राजनगर अध्यक्षा रितु धोका ने बताया कि 04 फरवरी को प्रातः 9.00 बजे से 10.00 बजे तक कैंसर अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार के पश्चात अधिक महिलाओं का पैप स्मियर टेस्ट किया जाएगा, जो पूर्णतः निःशुल्क होगा। तेरापंथ महिला मंडल कांकरोली अध्यक्षानीषा कच्छारा ने बताया कि पैप स्मियर टेस्ट महिलाओं के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण जांच है। यह मुख्य रूप से सर्वाइकल कैंसर की पहचान के लिए किया जाता है, जिससे गर्भाशय ग्रीवा में होने वाले असामान्य परिवर्तनों का समय रहते पता लगाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में तेरापंथ महिला मंडल राजनगर मंत्री कल्पना बड़ोला ने सभी अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए महिलाओं से अधिकाधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करवाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आप सभी के सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल होगा।

## आईपीएस स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित एक निजी गार्डन में रविवार को आईपीएस स्कूल की ओर से प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा एक से बढक़र एक सांस्कृतिक व देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति देकर उपस्थित बच्चों व अभिभावकों का मनमोह लिया। बच्चों ने जैसे ही राम आयेंगे भजन पर प्रस्तुति दी तो पुरा वातावरण जयकारों से गूंजायमान हो गया। विद्यालय के निदेशक कौशल प्रधान व संस्था प्रधान भारत प्रधान ने बताया कि इस दौरान बच्चों ने राजस्थानी नृत्य, ओ माई फ्रेंड गणेशा आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। विद्यालय के संस्थाप्रधान भारत प्रधान ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को संस्कारित शिक्षा देने तथा मेहनत व लगन से पढऩे के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष में निकाली जाएगी महारैली

बढ़ता राजस्थान



**खातोली(मुकेश गोस्वामी)।** खातोली कस्बे के फुल माली समाज मंदिर पर मीटिंग का आयोजन किया जिसने आने वाली 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जन्म उत्सव पर महारैली निकालने का निर्णय लिया गया इस कार्यक्रम के लिए एक कार्यकारिणी का गठन भी किया गया नवीन कार्यकारिणी के खातौली मंडल अध्यक्ष हरिओम सुमन को बनाया गया कार्यकारिणी कोषाध्यक्ष अनिल सुमन, उपाध्यक्ष धर्मवीर सुमन, महामंत्री दिलकुश सुमन, प्रभारी दीपक सुमन को बनाया गया इस दौरान माली समाज लोगों ने नवीन कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया गया समस्त कार्यकारिणी ने मिलकर महारैली के आयोजन की रूपरेखा तैयार की महारैली श्रीपंचमुखी हनुमान जी यादव कॉलोनी से प्रारंभ होकर श्योपुर रोड पुराना मार्केट खातौली से नई सब्जीमंडी होते हुए अटल सेवा केंद्र पर समापन होगी। इस दौरान सैनी समाज के रमेश सुमन राजेंद्र सुमन विष्णु, पवन, शिवचरण, मुकेश, महावीर, सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मंत्री मदन दिलावर ने किया गौ माता तिराहे का लोकार्पण, यात्री प्रतीक्षालय व हाई मास्क लाइट का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को पंचमुखी पुलिया के ऊपर स्थित गौ माता तिराहे पर नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय और हाई मास्क लाइट का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल ने की। अखिलेश मेडतवाल ने बताया कि यह मार्ग स्टेट हाईवे होने के कारण मध्य प्रदेश और चित्तौडग़ढ़ की ओर जाने वाली कई बसों का प्रमुख रास्ता है। यहां यात्रियों के लिए गर्मी, सर्दी और बरसात में प्रतीक्षा करने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। इस समस्या को देखते हुए दो यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया गया। साथ ही, तिराहे पर अंधेरा रहने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी, जिसे दूर करने के लिए हाई मास्क लाइट लगाकर पूरे क्षेत्र को रोशन किया गया है तथा सौंदर्यीकरण का कार्य भी कराया गया है। इस विकास कार्य से आसपास के 5 वार्डों और लगभग 20 गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष गोपाल गर्ग, कमलेश गोयल, नगर महामंत्री विशाल जैन, पार्षद सीमा गुर्जर, राजू खंडेलवाल, निहारिका चौहान, सुधीर सुनेजा, अंकुर डांगी, कान्हा मीणा, दिलीप पाटीदार, निखिल सुमन, कमल वैष्णव, बंटी सेन, दिनेश पाटीदार, मनीष मेवाड़ा, ज्ञानचंद शर्मा, रंगलाल मीणा, रुक्मणी मीणा, ममता चांडक, अनुसूया नागर, चंपालाल मेहरा, सहित अनेक जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। केंद्रीय बजट एलईडी में किया प्रदर्शित प.स.प्रधान व भाजपा मंडल कार्यकारिणी रही मौजूद।

## केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किए गए जन हीतैशी बजट को ग्रामीणों के साथ एलइडी टीवी पर देखा गया



बढ़ता राजस्थान

**इटावा (मुकेश गोस्वामी )।** खातोली क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अटल सेवा केंद्रों पर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किए गए जन हीतैशी बजट को ग्रामीणों के साथ एलइडी टीवी पर देखा गया एवं ग्रामीणों को बजट के बारे में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को जानकारी दी गई एवं सोशल मीडिया पर प्रचार करवाया गया। जानकारी मे बताया की 2014 से भाजपा की मोदी सरकार में हर साल 1 फरवरी को प्रात:काल 11 बजे हमारे भारत देश का बजट पेश किया जाता है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 रविवार को सुबह 11 बजे अपना नौवां बजट पेश किया है यह ऐतिहासिक रूप से पहली बार रविवार को पेश किया जा रहा है। कार्यक्रम में पंचायत समिति इटावा प्रधान रिंकू मीणा भाजपा खातोली मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सुमन एवं पं.स. सदस्य कैलाश आर्य, प्रतापसिंह हाडा सत्येंद्र सिंह हाडा गिर्राज दाधीच राजाबाबू शर्मा टीकम सिंह हाडा हरिमोहन गुर्जर मोनू मीना मोनू केवट चंद्रप्रकाश मीणा सूर्यकान्त मीणा गोपाल शर्मा आदि शामिल रहे।

## बूंदी:संभाग स्तरीय आरोग्य मेले में उमड़ी भीड़ मंत्री हीरालाल नागर ने किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** कुंभा स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय संभाग स्तरीय आरोग्य मेले के तीसरे दिन जनसैलाब उमड़ा। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मेले का निरीक्षण करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिससे रोगों को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. मालती पारीक के अनुसार, मेले में आमजन को विभिन्न पद्धतियों से नि:शुल्क उपचार दिया जा रहा है। प्रमुख चिकित्सा- पंचकर्म, क्षारसूत्र, कपिंग, हिज्मा थैरेपी, मर्म चिकित्सा और योग। विशेष परामर्श:- स्त्री रोग, नशामुक्ति, सौंदर्य क्लिनिक और नाड़ी परीक्षा। प्रदर्शनी- औषधीय पौधों और विभागीय योजनाओं की जानकारी। मेला प्रभारी डॉ. मनीष माथुर ने बताया कि अब तक 4,171 रोगी उपचार ले चुके हैं, डॉ. रेवती रमण पारीक, डॉ. गौरव चतुर्वेदी और डॉ. सुभाषचंद्र शर्मा ने आयुर्वेद के जरिए निरोगी जीवन जीने के गुर सिखाए। इस दौरान डॉ सुनील कुशवाहा, डॉ अंजलि वर्मा, टीना, सहित संभाग के सभी चिकित्सक उपस्थित रहे ।

# बजट-2026: देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में ले जाने वाला दस्तावेज-विधायक कृपलानी

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट-2026 को देश के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी बजट माना जा रहा है। यह बजट देश के युवाओं, व्यापारियों, गरीबों, मजदूरों, किसानों और उद्यमियों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने वाला है।

वंडर सीमेंट टाउन हॉल निंबाहेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में बजट-2026 के प्रभारी जसवंत सिंह विश्नोई अध्यक्ष- जीव जंतु कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार की विशेष उपस्थिति में निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कर सलाहकारों, व्यवसायी, उद्यमीयों,पेंशनर्स अधिवक्ताओ, किसान, पशुपालक, पत्रकारों, महिलाएं, युवा, कामगार, श्रमिकों, चिकित्सकों, भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बजट-2026 का सीधा प्रसारण देखा गया।

केंद्रीय बजट-2026 पेश होने के पश्चात प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि बजट-2026 में रोजगार सृजन, उद्यमिता को प्रोत्साहन, स्टार्टअप्स, एमएसएमई, बुनियादी ढांचे के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। युवाओं के लिए कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के प्रावधानों से देश की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बनने की नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग जगत के लिए यह बजट उत्साहवर्धक साबित होगा। कर संरचना को सरल बनाने, निवेश को बढ़ावा देने और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और सुदृढ़ करने के कदमों से देश में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। साथ ही एमएसएमई और स्टार्टअप सेक्टर के लिए घोषित प्रोत्साहन योजनाएं रोजगार के नए द्वार खोलेंगी।

गरीबों और मजदूर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए सरकार ने आवास, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक कल्याण योजनाओं को और मजबूत किया है। इससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

विधायक कृपलानी के साथ ही पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिलाध्यक्ष चित्तौडग़ढ़ रतन लाल गाडरी, जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ महावीर सिंह कृष्णावत, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व प्रधान बगदीराम धाकड़, पूर्व उपप्रधान जगदीश आंजना, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, भाजपा पूर्वी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, कनेरा अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़, छोटीसादड़ी नगर अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमावत, पश्चिम मंडल अध्यक्ष लोकेश धाकड़, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पारस पारख आदि सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह बजट केवल वर्तमान की आवश्यकताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों में भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने का स्पष्ट विजन प्रस्तुत करता है। इससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को नई गति मिलेगी। इस ऐतिहासिक बजट के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताया है।

## स्थानीय विधालय के छात्र रहे पुलिस उपमहानिरीक्षक बलराम मीणा का अभिनंदन समारोह

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (नि.स.)।** पी एम श्री सेठ आनंदी लाल पोद्दार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवानीमंडी में स्थानीय विद्यालय के पूर्व छात्र बलराम मीना पुलिस उप महानिरीक्षक गांधीनगर गुजरात का सम्मान किया गया। मीणा ने बच्चों से उनके करियर के बारे में सीधा संवाद किया। उन्होंने वक्तव्य में बताया कि सप्ताह देखना कोई अपराध नहीं है लेकिन सपनों के बिना प्लानिंग मेहनत करना सबसे बड़ी गलती है यदि मेहनत सही योजना के साथ की जाए तो वह इतिहास बनाती है उन्होंने बताया कि लक्ष्य स्पष्ट और अपनी परिस्थिति के अनुसार तय करना चाहिए। उन्होंने अपनी जीवन यात्रा विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए बताया कि सफलता असफलता एक सिक्के के दो पहलू है ।असफलता वह नहीं है जहाँ आप गिरते हैं बल्कि वह है जब आप उठने से मना कर देते है।जीवन में हार मान लेना सबसे बड़ी रुकावट है हर छात्र के अंदर पर्याप्त ऊर्जा भरी हुई है किंतु ज़रूरत है सही लक्ष्य तय करने की, समय की क़ीमत समझने की, सही लक्ष्य तय करने की तथा मोबाइल के बजाय पुस्तकों से ज़्यादा दोस्ती करने की । उन्होंने बताया कि आप ईमानदारी से पढ़ेंगे, अनुशासन में रहेंगे, ख़ुद पर भरोसा करेंगे सही संगत रखेंगे व उचित निर्णय लेंगे तो कोई ताक़त आपको आगे बढने से नहीं रोक सकती। परिस्थितियां अनेकों बार प्रतिकूल रहेगी, किंतु छोटी छोटी सफलताओं से ऊर्जा संचय कर अपने अडिग लक्ष्य पर पहुँचने का निश्चय रखना चाहिए। आपको जीवन के हर क्षण में अपना लक्ष्य दिखाई देना चाहिए। इस दौरान छात्रों ने उसे प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी से संबंधित अनेक प्रश्न किए जिनका समाधान मीणा द्वारा कुशलता से किया गया। साथ ही प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए पूरा रोड मेप स्पष्ट किया। मीणा ने प्रतिवर्ष एक छात्र और एक छात्रा को जो बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करेंगे उन्हें रजत पदक से सम्मानित करने की घोषणा की। मीणा द्वारा कक्षा कक्षों तथा प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया गया तथा सुधार हेतु अनेक सुझाव दिए गए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन मुकेश कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य ने तथा कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र खंडेलवाल ने किया।

## जजावर मंडल का विराट हिंदू सम्मेलन ग्वाला बालाजी में सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**जजावर (पदम शाह) ।** रविवार को जजावर मंडल का विराट हिंदू सम्मेलन सर्व हिंदू समाज के सानिध्य में ग्वाला बालाजी के स्थान पर सम्पन्न हुआ। सम्मेलन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें एक सौ एक महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए कलश यात्रा का आकर्षण बनी हुई थी। कलश यात्रा ग्वाला बालाजी तालाब से शुरू हुई जो ग्वाला बालाजी मंदिर पहुंचकर बालाजी एवं भारत माता की आरती के साथ संपन्न हुई आरती के बाद सामुहिक रुप से हनुमान चालीसा एवं रामधुनि का भी आयोजन हुआ। कलश यात्रा के दौरान यात्रा में शामिल सभी युवा, बुजुर्ग एवं मातृ शक्ति नाचते गाते भारत माता के जयकारे के साथ चल रहे थे। कलश यात्रा के समापन के बाद सम्मेलन का शुभारंभ हुआ जिसमें संत बाबा बालकदास जी महाराज रामेश्वरधाम ने अपने उद्बोधन ने कहा कि संसार में मानव होना तथा मानव में मानवता होना दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू हैं मानवता हर प्राणी में संस्कार की भांती विद्यमान रहना चाहिए। उन्होनें कहा कि संयुक्त परिवार कमजोर होना हिंदू समाज को खतरा हैं । मुख्य वक्ता के रुप में जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कहा कि हिंदू सम्मेलन बुलाने की जरूरत इसलिए पड़ी कि हम हिंदुओं की ताकत को भूलते जा रहे हैं हमें हिंदुओं का मजबूत संगठन खड़ा करना होगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी हरिनारायण शर्मा ने की। सम्मेलन को ब्रजबाला शर्मा ने मातृशक्ति को संबोधित किया । क्षेत्र में प्रथम बार आयोजित इस विराट हिंदु सम्मेलन में जजावर, सीसोला , खोढी,भीमगंज, बाछोला,कोरमा,सुवासडा सहित आसपास के कई गांवो के लोगों एवं मातृशक्ति ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.दीक्षांत सोनी ने किया ।

## रावतभाटा के लाडपुरा में श्रीराम कथा एवं रुद्र महाभिषेक: चौथे दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** कुंडल क्षेत्र के लाडपुरा में आयोजित संगीत श्रीराम कथा एवं रुद्र महाभिषेक के चौथे दिन भक्तिभाव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा के चौथे दिवस व्यासपीठ पर विराजमान परम पूज्य गुरुदेव बालकृष्ण जी दुबे (सुनील वालों) ने श्रद्धालुओं को रामकथा का गूढ़ संदेश प्रदान किया। गुरुदेव ने अपने प्रवचनों में कहा कि कथा में बैठना शुभ है, लेकिन कथा को मन-मंदिर में प्रतिष्ठित करना उससे भी श्रेष्ठ है। रामायण को उन्होंने एक दर्पण की संज्ञा देते हुए कहा कि जैसे दर्पण में हम अपना चेहरा देखते हैं, उसी प्रकार रामायण हमें आत्ममंथन का अवसर देती है। यदि हमारा जीवन रामायण से मेल नहीं खाता, तो हमें स्वयं में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने रावण को भी एक अवतार बताते हुए उसे संसार का मर्यादित शत्रु कहा और उसके चरित्र के माध्यम से धर्म-अधर्म के भेद को समझाया। आज की कथा में माता सीता के जन्म और भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। परम पूज्य गुरुदेव ने कहा कि जब मन को अयोध्या बनाया जाएगा, तभी भगवान राम का अवतार हमारे मन-मंदिर में संभव होगा। उन्होंने भगवान राम के अवतार के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माता-पिता के हितों एवं मर्यादा की रक्षा के लिए भगवान राम ने अवतार लिया। कथा के दौरान समस्त श्रोतागण 'जय श्रीराम' के जयकारों से मंत्रमुग्ध हो उठे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस पावन अवसर पर आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और गुरुदेव के मुखारविंद से रामायण का रसपान कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं।

## कृषि भूमि पर सफाई कार्य को लेकर विवाद, वन विभाग ने वाहनों को किया जब्त

बढ़ता राजस्थान



**इटावा/खातोली(मुकेश गोस्वामी)।** इटावा खातोली क्षेत्र की चम्बल डीपरी पंचायत अंतर्गत चकटोड़ी गांव में कृषि भूमि की सफाई और लेवलिंग को लेकर विवाद सामने आया है। चकटोड़ी निवासी एक किसान ने पीपल्दा तहसीलदार से अनुमति लेकर अपनी बंजर पड़ी कृषि भूमि में उगे अंग्रेजी बबूल को मजदूरों से कटवाकर जेसीबी मशीन से खेत लेवलिंग का कार्य शुरू किया था। इस दौरान किसान विरोधी कुछ लोगों ने उक्त भूमि को सरकारी बताते हुए कार्य रुकवा दिया और खातोली वन विभाग को मौके पर बुला लिया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लकड़ी से भरी एक मैटाडोर, एक जेसीबी मशीन एवं चार खाली मैटाडोर वाहनों को जब्त कर लिया। साथ ही मामले में कार्रवाई की मांग की गई।

### खातेदार पक्ष का कहना

इस संबंध में खातेदार किसान के पुत्र निर्मल मीणा निवासी चकटोड़ी ने बताया कि बरनाहाली पटवार हल्का अंतर्गत उनकी पुस्तैनी आठ बीघा भूमि है, जो कई वर्षों से बंजर पड़ी थी। उन्होंने पीपल्दा तहसीलदार से विधिवत अनुमति लेकर खेत की सफाई एवं लेवलिंग का कार्य मजदूरों और जेसीबी मशीन से शुरू करवाया था। आरोप है कि कुछ विरोधी लोगों ने बेवजह विवाद खड़ा कर कार्य रुकवा दिया। खातोली वन क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश सुमन ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों के मामले में जांच की जा रही है। यह भूमि खातेदार किसान की है या वन विभाग की, इसका सीमा ज्ञान (सीमा निर्धारण) होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कलश यात्रा का कनेरा क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने किया भव्य स्वागत व अभिनंदन

# पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से हिन्दू सम्मेलन के अवसर पर निकली शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान



**कनेरा (नि.स.)।** सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के पावन अवसर पर कनेरा नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना की ओर से मण्डल कांग्रेस परिवार,कनेरा द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

सनातन धर्म की परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता का संदेश देती इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के स्वागत के दौरान वातावरण सनातन धर्म की जय और धार्मिक उल्लास से गूंज उठा।

इस अवसर पर चित्तौडग़ढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल झवर,कनेरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच तुलसीराम धाकड़,कनेरा कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्ष कमलेश धाकड़,अध्यक्ष कनेरा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास नायमा,किशोर पचौरिया,सुनील छिपा,जुगल असावा,लीला शंकर बीर,धनपाल बंबोरिया,ओंकार लाल धाकड़,जीवराज पचौरिया,सोहन लाल राठौर,पवन ईरवाल,पंकज राठौर,भाग्यश्री धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सनातन धर्म की एकता, सामाजिक सौहार्द एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोडने का कार्य करते हैं।

## विकसित भारत 2047 के संकल्प के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करने वाला जनहितैषी बजटः शैलेष कौशिक

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कौशिक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह विकसित भारत 2047 के संकल्प के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करने वाला बजट है जिसके अंतर्गत लोक-लुभावने वायदों की बजाय सुधार, आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और जनहित पर फोकस किया गया है। इस बजट में जहां एक ओर शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग पर विशेष फोकस किया गया है वहीं दूसरी ओर किसान, युवाओं, वंचितों एवं शोषितों के विकास को विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई है। शैलेश कौशिक ने कहा है कि जहां इस बजट में कैंसर की 17 दवाइयो एवं 7 अन्य दुर्लभ बीमारियों की दवाओं पर कस्टम ड्यूटी खत्म की गई है वहीं दूसरी ओर तीन नए आयुर्वेदिक एम्स की घोषणा करना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि मोदी सरकार का स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष फोकस है। वही हर जिले में लड़कियों के लिए हॉस्टल] 5 लाख ओर उससे ज्यादा की आबादी के शहरों के विकास पर जोर के साथ-साथ एमएसएमई और छोटे उद्योगों पर विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश प्रवक्ता शैलेष कौशिक ने कहा है कि केंद्रीय बजट में राजस्थान के लिए विशेष रूप से टैक्सटाइल्स] हैंडलूम हाथ करघा सेक्टर में जो घोषणाएं की गई हैं उनसे निश्चित रूप से राजस्थान को विशेष फायदा होगा।

## गौसंवर्धन से सनातन संस्कृति की रक्षा- निर्मल गोयल

### डीग शहर में जीवन ज्योति दीर्घ गोशाला का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** गौ माता का संवर्धन व संरक्षण ही सनातन संस्कृति को अक्षुण्ण रखने का सर्वोत्तम माध्यम है। गोमाता में 36 करोड़ देवी-देवताओं का साक्षात निवास है, इसकी सेवा प्रत्येक सनातनी का परम कर्तव्य। अपनी जन्मभूमि की सेवा का यह सुअवसर मिलना मेरे लिए अभूतपूर्व गौरव है यह बात मुख्य अतिथि समाजसेवी निर्मल गोयल ने रविवार को कामां रोड स्थित जीवन ज्योति दीर्घ गोशाला बृज लठावन धाम के शुभारंभ पर गौ सेवा के महत्व पर बल देते हुए कही। प्राचीन लक्ष्मण मंदिर के महंत पंडित मुरारी लाल पाराशर की प्रेरणा और आचार्य पंडित गणेश दत्त पाराशर के सान्निध्य में स्थापित यह गोशाला विधि-विधान से उद्घाटित हुई। कार्यक्रम से पूर्व सुबह 8 बजे सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। राकेश गोयल आराधना, बंटी बंसल व सुभाष अग्रवाल ने अतिथियों का माला व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। गोशाला के प्रेरणास्रोत महंत मुरारी लाल पाराशर ने कहा, गौभूमि पर किया गया हर पुण्य कर्म अनेक गुना फलदायी होता है। इस अवसर पर पीतम दास मंदिर के महंत कृष्णा बाबा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखिलेश शर्मा, पशुपालन विभाग की उपनिदेशक भावना यादव, आलोक सोखिया नंदकिशोर गांधी, , सतीश तमोलिया, रेखा गोयल ,रमेश अरोड़ा, मोहन स्वरूप पाराशर, सुंदर सरपंच सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भामाशाह बस्ती द्वारा आयोजित किया गया विराट हिन्दू सम्मेलन

### सनातन धर्म की रक्षा और हिन्दू एकता को लेकर दिलाया संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संघ शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। जिसके तहत अलग-अलग बस्तियों में विराट हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में शहर में रविवार को भामाशाह बस्ती द्वारा शहर की अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व शहर के गुमट हनुमान मंदिर से अग्रवाल धर्मशाला तक शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीर माता,संयुक्त परिवार और पर्यावरण प्रेमी एवं गौ सेवक और रक्षकों का मंच से सम्मान किया गया।

हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता राकेश शर्मा मंच पर मौजूद रहे। जिन्होंने बताया कि आज सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिंदुओं को एकजुट होना जरूरी है। देश,विदेश में लगातार हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। विदेशों में हिंदुओं को सरेआम निशाना बनाया जा रहा है। जिसके लिए अब हमें अपने जाति-पात और वर्ग भेद भूलकर केवल हिंदुत्व पर ध्यान देना होगा। उन्होंने संस्कृति सबकी एक चिरंतन,खून रगों में हिंदू है। इस उद्घोष के साथ सभी को सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में राम दरबार आश्रम के संत बनवारी दास महाराज का सम्मान किया गया। वहीं आयोजन समिति के संरक्षक मानसिंह गुर्जर और अध्यक्ष रामबाबू कुशवाहा ने भी मंच से अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि आज सनातन संस्कृति,सनातन धर्म और सामाजिक एकता को सशक्त करना बेहद जरूरी है। जिसके लिए ऐसे आयोजन किये जा रहे हैं ।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा की वरिष्ठ पदाधिकारी अनिल गोयल ने किया। उन्होंने बताया की भामाशाह बस्ती के इस आयोजन में तमाम महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। इस दौरान चार संतान या उससे अधिक संतान पैदा करने वाली वीर माताओ का मंच से सम्मान हुआ।

# आदर्श ग्राम पंचायत रारह में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष के स्मरणोत्सव पर राष्ट्रभक्ति, शिक्षा, संस्कृति एवं सम्मान का ऐतिहासिक और प्रेरणादायी महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। भारत माता के प्रति श्रद्धा, स्वतंत्रता संग्राम की अमर विरासत एवं राष्ट्रीय चेतना के शाश्वत स्वर राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के पावन, ऐतिहासिक एवं स्मरणीय अवसर पर आदर्श ग्राम पंचायत रारह द्वारा एक भव्य, सुव्यवस्थित, अत्यंत गरिमामय एवं भावप्रवण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम ना होकर राष्ट्रभक्ति, शिक्षा, संस्कृति ,युवाशक्ति, सामाजिक समरसता तथा प्रशासनिक कर्तव्यनिष्ठा का जीवंत संगम बनाकर उभरा। यह समारोह ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित उन बिरले आयोजनों में से एक रहा जिसे जन-जन में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की चेतना को सशक्त रूप से जागृत किया । समारोह का शुभारंभ मां शारदे, मां भारती एवं भगवान गणेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन तथा सामूहिक वंदे मातरम गायन के साथ किया गया।

### मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की गरमामयी उपस्थिति

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीग-कुम्हेर विधायक डॉक्टर शैलेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष ,घुमंतू जाति उत्थान न्यास राजस्थान माननीय श्री गोविंद गुप्ता जी ने वैचारिक और प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में-भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी,पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष डोरी लाल शर्मा , कवि एवं समाजसेवी, श्याम सिंह जघीना, पंचायत समिति कुम्हेर के प्रधान देवी सिंह उ सरानी ,महिला समन्वय विभाग की संयोजिका सोनि ला गॉड , भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर गौड़, लुधावई सरपंच गौरव सिंह , भाजपा जिला महामंत्री जगत सिंह गुर्जर, सहित अनेक जनप्रतिनिधि ,समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सरपंचकुसुम मोहन रारह द्वारा प्रस्तावना के रूप में एक दूरदर्शी उद्बोधन में कहा गया कि वंदे मातरम भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान की अमर अभिव्यक्ति है उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कृति, युवाओं का सशक्तिकरण एवं इमानदार प्रशासन की सशक्त ग्राम और विकसित भारत की मजबूत नींव है।

मुख्य अतिथि डॉक्टर शैलेश सिंह ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि भारत की आत्मा एवं राष्ट्रभक्ति की चेतना का शाश्वत स्वर है। मुख्य वक्ता के तौर पर गोविंद गुप्ता ने ग्राम पंचायत रारह द्वारा संचालित पुस्तकालय से 38 युवाओं के राजकीय सेवा में चयन को एक अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि यह ग्रामीण भारत की प्रतिभा और सही मार्गदर्शन की सफलता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है ।




### अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

75प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों एवं पुस्तकालय से अध्ययन कर राजकीय सेवा में चयनित 38 युवाओं को और ग्राम पंचायत रारह के अंतर्गत कार्यरत सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्टकार्य, करकर्तव्य निष्ठा एवं सेवा भाव के लिए सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित जनों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह ,शील्ड एवं पारंपरिक दुपट्टा पहन कर सम्मान प्रदान किया गया ।

## सेवानिवृत्त प्रेमराज मीना का सूरौठ आगमन पर भव्य जुलूस, हजारों ग्रामीणों ने किया स्वागत-सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**सूरौठ/भरतपुर ( टीकाराम शर्मा )।** शिक्षा विभाग जयपुर में अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए प्रेमराज मीना के पैतृक गांव सूरौठ लौटने पर क्षेत्र में उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। गांव पहुंचने पर समाजबंधुओं और ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। गंगापुर-भरतपुर मेगा हाइवे से शुरू हुआ जुलूस सब्जी मंडी, मस्जिद चौराहा, पुलिस चौकी, मैन बाजार गांधी स्मारक चौराहा, पीएनबी बैंक, एसबीआई एटीएम और बंडा पट्टी होते हुए पाच्या पटेल के पुरा स्थित उनके निज निवास तक पहुंचा। बैण्ड-बाजों के साथ निकाले गए इस भव्य जुलूस के दौरान जगह-जगह प्रेमराज मीना का माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कुलराज मीणा, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं प्रधान शिवराज मीणा, कांग्रेस प्रदेश महासचिव देशराज मीणा, रामवतार शर्मा, अमरसिंह मीणा, रजनीश मीणा, विश्राम मीणा, बृजेश भारद्वाज, अनिल तिवारी, राजीव शुक्ला, खुशवंत मीणा, अवधेश शर्मा, उदयभान मीणा, केदार मीणा, भोला मीणा, प्रमोद तिवारी, महेन्द्र शर्मा, भोलेशंकर शर्मा, धीरज तिवारी, सम्पत कटकरिया, पुरुषोत्तम बंशीवाल, ऋतुराज मीणा, निर्मल चौधरी, भयसिंह मीणा, धर्मसिंह मीणा, प्रेम पटेल, वकील मीणा, गणेश सिंघल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भव्य स्वागत समारोह में हजारों की संख्या में ग्रामीण व समाजजन शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, उमंग और सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

## केंद्रीय बजट महंगाई बढ़ाने वाला निराशाजनक बजट-दयाचंद पचौरी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष एवं समाजसेवी दयाचंद पचौरी सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने बजट की कड़े शब्दों में आलोचना की है। कांग्रेस शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने बजट को घोर निराशावादी बताते हुए कहा कि इस बजट में भाजपा सरकार ने आम जनता की जरूरतों को छूने की बिल्कुल भी कोशिश नहीं की है। बल्कि आम जनता की जरूरत वाले स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा ग्रामीण एवं शहरी विकास योजनाओं के फंड में भारी कटौती की है। जिससे देश की विकास दर में भारी गिरावट आएगी। कांग्रेस जिला महासचिव सुरेश पदयात्री ने अपने वकतव्य में कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान का बजट भाषण में मेंशन ना होना राज्य की जनता के साथ सौतेलापन है।

## डीग जिले के 6 गांवों में आयोजित ग्रामीण उत्थान शिविरो में ग्रामीणों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

### मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना और जिला प्रशासन की पहल पर रविवार को डीग जिले की ग्राम पंचायत सिनसिनी, साबौरा, नौनेरा, गोपालगढ़, जालूकी और गुलपाड़ा में ग्रामीण उत्थान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य प्रशासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से आमजन तक पहुँचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था।

शिविरों के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण को प्राथमिकता दी गई। लाभार्थियों को वैज्ञानिक पद्धति से मिट्टी की जांच के आधार पर खाद एवं बीज के उपयोग की जानकारी दी गई, जिससे कृषि उत्पादन में गुणात्मक सुधार किया जा सके। इसके साथ ही किसान सेवा केंद्रों के माध्यम से उन्नत बीजों की उपलब्धता और वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने संबंधी जानकारी भी किसानों को प्रदान की गई।

सिनसिनी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा योजना में हुए बदलावों से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि योजना का नाम अब विकसित भारत श्रीरामजी कर दिया गया है और रोजगार दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में अकुशल श्रमिकों को अतिरिक्त रोजगार और आर्थिक संबल मिलने की उम्मीद जताई गई।




स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत कृषि आधारित उद्योगों से संबंधित आवेदन भी स्वीकार किए गए। शिविर में एक लाभार्थी द्वारा तेल एक्सपेलर यूनिट स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया, जिस पर नियमानुसार 35 प्रतिशत अनुदान देय होगा। प्रशासन ने इसे ग्रामीण उद्यमिता के विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

## तुलसी वन रोड पर जरा सी कहासुनी पर हुआ झगड़ा बाजार जा रहे युवक पर हमला, कोतवाली थाने में मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के तुलसी वन रोड पर जरा सी कहासुनी पर मोहल्ले के ही दो पक्षों के बीच झगड़े का मामला सामने आया है। जिसमें एक पक्ष के युवक पर बाजार जाते समय रास्ते में हमला किया गया है। घटना को लेकर पीड़ित युवक द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

झगड़े में घायल शहर के तुलसी वन रोड निवासी सलीम पुत्र कबीर मुसलमान ने बताया कि उसके परिवार के ही कुछ लोगों से मामूली कहासुनी को लेकर झगड़ा हुआ था बाद में 28 जनवरी की शाम जब वह बाजार सामान लेने



जा रहा था तो नत्थी कुरैशी के घर के पास से वह जैसे ही निकला,पहले से ही घात लगाकर बैठे कुतुरो,रोहित और अन्य लोगो ने उसे घेर लिया और लाठी और सरियो से हमला कर दिया। जब वह घायल होकर गिर गया तो भी आरोपी हमला करते रहे।

इस दौरान आसपास के लोगों ने उसे जैसे-तैसे बचाया और अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे धौलपुर,धौलपुर से आगरा रेफर किया गया। आगरा से उपचार के बाद उसने बाड़ी आकर कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खाद्य सुरक्षा शिविर में 29 रजिस्ट्रेशन, 2 लाइसेंस जारी

### 14 फरवरी तक जिले भर में लगाए जा रहे विशेष शिविर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों के व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष खाद्य सुरक्षा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अग्रवाल धर्मशाला, धौलपुर में आयोजित शिविर में 29 खाद्य रजिस्ट्रेशन तथा 2 खाद्य लाइसेंस जारी किए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि जिले में 14 फरवरी तक खाद्य व्यापारियों के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक व्यापारी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन प्राप्त कर सकें।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में खाद्य सामग्री विक्रेता, किराना एवं परचून व्यापारी, दूध विक्रेता, डेयरी चिलर संचालक, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालक, चाट-ठेला एवं मिठाई विक्रेता, कैटरिंग सर्विसेज, तेल मिल संचालक, फल-सब्जी विक्रेता तथा अनाज के थोक एवं खुदरा व्यापारी लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि खाद्य पदार्थों के व्यापार में संलग्न सभी व्यापारियों के लिए लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

# यातायात सुरक्षा की मुहिम जारी रहेगी-श्रीनिधि बीटी

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समाप्त हुआ है लेकिन यातायात जागरूकता की मुहिम जारी रहेगी उक्त वक्तव्य जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी राजस्थान सरकार के दिशा निर्देशन में मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को वह गणमान्य नागरिकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिला परिवहन विभाग ने यातायात पुलिस के सहयोग से बेहतरीन कार्य किया और जागरूकता के क्षेत्र में कई कार्यक्रम कराए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में बताई गई बातें हमेशा जीवन में काम आती है इसलिए हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति सजग करना है। उन्होंने कहा कि



सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल प्रभाव से नजदीकी चिकित्सालय पहुंच कर आप गुड्स सेमिरेटन के रूप में अपनी पहचान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि आपसे किसी प्रकार की पुलिस द्वारा कोई पूछताछ नहीं की जाएगी। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि हमारा उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। चालान की भय से नियमों की पालन करना अपने जीवन को खतरे में डालना है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता सड़क सुरक्षा है ना कि वाहन चालकों के चालान करना। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अभी से यातायात नियमों को अपने जीवन में धारण करें और उनके पालन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वह अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों की पालना के लिए प्रेरित करें। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने 31 दिवसीय सड़क सुरक्षा माह का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में विभाग द्वारा कर ना जमा करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध बड़े स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना आमजन के सहयोग से अभियान पूरा नहीं हो सकता, इसलिए सड़क सुरक्षा अभियान में जन-जन की भागीदारी जरूरी है। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपाली वेरी ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजन कराए जाते हैं और लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजक किया जाता है मगर फिर भी लोग यातायात नियमों की अव्हेलना करते हैं जो सरासर गलत है हमें इन नियमों की पालना करनी चाहिए और अपने जीवन को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। विद्यार्थियों को परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत द्वारा यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर अभिनव बेरी द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि परिवहन विभाग की ओर से इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से लोगों में यातायात नियमों की जागरूकता का संचार होता है। किस प्रकार के आयोजन प्रतिमाह होते रहने चाहिए। सड़क सुरक्षा माह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। इस अवसर पर परिवहन विभाग की ओर से सभी मंचासीन अतिथियों का स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मान किया गया।

# 'मनरेगा पर प्रहार बर्दाश्त नहीं' जवाजा में गूंजा जनआक्रोश, सैकड़ों ने किया धरना-प्रदर्शन

## ब्लॉक कांग्रेस व मजदूर किसान शक्ति संगठन के नेतृत्व में पंचायत समिति से बाजार तक निकली नरेगा बचाओ रैली

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** मनरेगा को कमजोर करने एवं नए कानून के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जवाजा द्वारा मनरेगा बचाओ धरना-प्रदर्शन का आयोजन पंचायत समिति मुख्यालय पर किया गया। धरने का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह लोटियाना ने किया। धरने के उपरांत जवाजा के मुख्य बाजार में विशाल रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में मजदूर, किसान, महिलाएं और युवा शामिल हुए। रैली के दौरान 'नरेगा बचाओ', 'वीबी ग्राम जी नहीं चाहिए' जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा धरने में मजदूर किसान शक्ति संगठन के शंकर सिंह रावत एवं कनिका मालावत के नेतृत्व में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आंदोलन को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं देवगढ़ के पूर्व विधायक सुदर्शन सिंह रावत, ब्यावर विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश मिश्रा सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया पूर्व विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा को खत्म कर गरीब, मजदूर और किसान की कमर तोडने का काम कर रही है। मनरेगा ग्रामीण आबादी की आय का मुख्य स्रोत है, इसके बंद होने से गांवों में रोजगार समाप्त हो जाएगा। विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच ने कहा कि यह सरकार जनविरोधी है, जो हमेशा आमजन के हितों के खिलाफ निर्णय लेती है। मनरेगा को कमजोर कर गरीबों पर सीधा आघात किया जा रहा है वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि मनरेगा बंद होने से गांवों का विकास ठप हो जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में मनरेगा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसके माध्यम से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए। नए कानून लाकर सरकार मजदूरों के अधिकार छीन रही है, जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह लोटियाना ने कहा कि मनरेगा गरीब परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन है। इसी से लोग अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं और थोड़ी बहुत बचत भी कर पाते हैं। ब्यावर में 40 दिनों तक चले आंदोलन ने देश को सूचना का अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी।

कार्यक्रम में मदन सिंह रावत, नारायण सिंह रावत, प्यारी देवी, शांति देवी, रेखा देवी, मीना देवी, लक्ष्मी देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, मजदूर, किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस पर भक्ति और करुणा का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आदिनाथ दिगम्बर जैन नवयुवक मंडल, ब्यावर के स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंडल द्वारा धार्मिक एवं जीव-दया कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कार्यक्रमों में समाजजनों की सक्रिय सहभागिता रही और अहिंसा, करुणा व दया के जैन सिद्धांतों का प्रभावशाली संदेश समाज में प्रसारित हुआ।

मंडल के प्रचार मंत्री श्री श्रेणिक छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 31 जनवरी 2026 को श्री आदिनाथ जिनालय में सामूहिक अभिषेक का आयोजन किया गया। वहीं रविवार को दादा बाड़ी में जीव-दया कार्यक्रम के अंतर्गत कबूतर दाना किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई इन कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष श्री जंबू कासलीवाल, सचिव श्री सुधीर पाटनी सहित टीकम कासलीवाल, अभिषेक पाटनी, सनत कासलीवाल, धर्मचंद पाटनी, रौनक कासलीवाल, दीपांशु पहाडिय़ा, रोनित कासलीवाल, मनन कासलीवाल, मनीष ठौलिया, विवेक झांझरी, मयंक गंगवाल, भावित गंगवाल एवं आदिनाथ युवा संगिनी की समस्त सदस्याएं एवं सदस्य उपस्थित रहे । साथ ही दिगम्बर जैन पंचायत मारवाड़ी धड़ा के सचिव आनंद गंगवाल, नितिन छाबड़ा, राजेंद्र गंगवाल, अजीत कासलीवाल सहित पंचायत के समस्त सदस्यगणों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ।

## संत शिरोमणि श्री रविदास जी की 649वीं जयंती पर कपासन में श्रद्धासुमन अर्पित किये



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** संत शिरोमणि रविदास जी की 649वीं जयंती को नगर पालिका परिसर में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि के साथ श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला संयोजक भागीरथ चंदेल (कपासन) ने बताया कि सामाजिक समरसता,सद्भावना एवं प्रेरणा की प्रतिमूर्ति मीराबाई के आध्यात्मिक गुरु संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती को नगर पालिका कपासन परिसर में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आध्यात्मिक गुरु संत शिरोमणि श्री रविदास जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर पूर्व भाजपा नगर मंडल कपासन अध्यक्ष पंकज सूर्य सिरोया,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण कोठारी,निवर्तमान पार्षद गोपाल पुर्बीया,शिवलाल माली,गौरव दाधीच,सोहनलाल कुमावत,भगवती आचार्य,मनीष बारेगामा,महेश चाष्टा, शांतिलाल सेन आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वार्ताकार द्वारा आयोजित वार्ता में पीएमश्री राजकीय विद्यालय कपासन के 400 विद्यार्थियो ने भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर के मुख्य मार्ग स्थित पीएमश्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय



में पीएमश्री योजना एवं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान गतिविधि के तहत प्रधानाचार्य यशवंत कुमार जागेटिया की अध्यक्षता में प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय वार्ताकार द्वारा वार्ता का आयोजन किया गया।जिसमे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात विशेषज्ञ के रूप में मुख्य वार्ताकार भारत के युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अंतर्राष्ट्रीय वार्ताकार डॉ. एस.एल. जाट द्वारा विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान,आधुनिक तकनीक,मक्का फसल में नवाचार,जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ,टिकाऊ कृषि,वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रक्रिया सहित कृषि क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक विचार व्यक्त किये गये। इधर पीएमश्री योजना के प्रभारी अश्विनी कुमार व्यास ने बताया कि वार्ता दौरान डॉ. एस.एल. जाट ने वैज्ञानिक सोच,अनुसंधान प्रवृत्ति तथा तकनीकी ज्ञान के माध्यम से कृषि को अधिक लाभकारी,पर्यावरण-संवेदनशील एवं भविष्य के अनुरूप बनाया जा सकता है।

## महिला आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन वाला सर्वतोंमुखी बजट- वजीरानी

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)।** चित्तौडग़ढ़ अर्बन बैंक की प्रबंध संचालक वंदना वजीरानी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को महिला आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन वाला सर्वतोंमुखी बजट बताया। वजीरानी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्तित्व करते हुए कहा कि बजट में 'शी मार्ट' जैसी योजना की घोषणा की गई है, जिसका लक्ष्य है महिलाओं को व्यवसाय और उद्यमिता के मौके देना। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने उत्पादों/सेवाओं को बेचने के लिए स्थानीय बाजार में जगह मिल सकती है।

उन्होंने कहा बजट में हर जिले में लड़कियों के हॉस्टल का प्रस्ताव सराहनीय है।महिला शिक्षा और सुरक्षा में सुधार के लिए बजट 2026 में प्रस्ताव है कि प्रत्येक जिले में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनाए जाएँ, ताकि छात्राओं को सुरक्षित और सस्ती रहने की जगह मिल सके और वे अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने कहा महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन बजट में महिलाओं के उद्यमों को सपोर्ट करने के लिए उद्यमिता और व्यापार के लिए विशेष उपाय शामिल किए गए हैं, जैसे कि आसान लोन, बचत योजनाएँ, और छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने वाले फंड — जो महिलाओं को बिजनेस शुरू करने और चलाने में मदद करेंगे।

अर्बन बैंक की एम डी वंदना वजीरानी ने कहा आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन

सरकार ने महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और वित्तीय पहुँच बढ़ाने पर जोर दिया है, जैसे कि बचत योजनाओं में सुधार, क्रेडिट कार्ड/लोन सुविधाएँ, खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों की महिलाओं के लिए। इससे महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी होने में समर्थ होंगी।

उन्होंने कहा कि इस बजट से महिलाओं को आर्थिक, शिक्षा और सामाजिक अवसरों में और मजबूती मिलने की उम्मीद दिखाई दे रही है। वंदना जी की नजर में यह बजट महिला वर्ग के लिए एक सकारात्मक दिशा की ओर कदम माना जा सकता है।

## बजट से भीलवाड़ा के टेक्सटाइल और खनन उद्योग को मिलेगी नई रफ्तार - मेवाड़ा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने केंद्रीय बजट 2026-27 को ऐतिहासिक और समावेशी बताते हुए नरेंद्र मोदी और निर्मला सीतारमण का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 'विकसित भारत 2047' की दिशा में मजबूत कदम है और भीलवाड़ा के टेक्सटाइल व खनन उद्योग को गति देगा। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया के अनुसार, बजट में टेक्सटाइल मशीनरी उन्नयन, मेगा टेक्सटाइल पार्क, राष्ट्रीय फाइबर मिशन, निर्यात अवधि बढ़ाने, खनन में टीसीएस सीमा, एमएसएमई प्रोत्साहन और टियर-2/3 शहरों पर फोकस से स्थानीय उद्योगों को लाभ मिलेगा। साथ ही युवाओं, महिलाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए कौशल, उद्यमिता, डिजिटल सुविधा और कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं।

## विद्या भारती विद्यालयों के बालक बालिकाओं का विराट त्रिवेणी पथ संचलन आज

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)।** विद्या भारती विद्यालयों का विराट त्रिवेणी पथ संचलन 2 फरवरी को चित्तौड़ शहर में निकाला जाएगा। श्री विद्या भारती संस्थान चित्तौडग़ढ़ के जिला मंत्री ज्ञान मेहता ने बताया कि करीब एक हजार से ज्यादा बालक बालिकाएं तीन स्थानों से दोपहर 2.00 बजे पर संचलन आरंभ होकर 2.15 पर सुभाष चौक पर अपनी सज धज के साथ विराट विशद रूप में त्रिवेणी संगम करते हुए कलेक्ट्री चौराहा की ओर प्रयाण कर गणगौर गार्डन में संपन्न होगा। जिला सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि संचलन में बहिनें वीरांगनाओं का दिव्य वेश धारण कर कदम ताल करेंगी और जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी। प्रबंध समिति अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर के अनुसार गांधीनगर सेक्टर 2 चमत्कारी हनुमान मंदिर से आरंभ होने वाले संचलन के मुख्य अतिथि सुरेश कुमावत, कैलाश चंद्र शर्मा , डॉ धर्मनारायण भारद्वाज, स्काउट गाइड मैदान के मुख्य अतिथि गुमान सिंह, जिला अध्यक्ष ललित प्रकाश शारदा और गोरा बादल से आरंभ होने वाले संचलन के मुख्य अतिथि कमल जैन, शैलेंद्र सिंह व ज्ञान मेहता रहेंगे।

## नगर कपासन के ब्रह्मपुरी मोहल्ले में युवती का मिला शव पुलिस जुटी गहन अनुसंधान में

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर के ब्रह्मपुरी मोहल्ले में एक युवती का सड़ा गला शव मिलने से लोग आश्चर्यचकित हैं तो वहीं उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुवे पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से मामले की गुत्थी सुलझाने में जुट गया है।साथ ही एमओबी की टीम द्वारा भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए गये है।जिससे मामले का जल्द खुलासा होकर युवती की हत्या के कारण का पता चल सके।जिसको लेकर पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव एवं थानाधिकारी कपासन सुनील शर्मा की अगुवाई में पुलिस प्रशासन अग्रिम जांच में जुटा हुआ है। इधर पुलिस थानाधिकारी कपासन के नाम युवती के पिता सूर्य प्रकाश शर्मा पिता गौतम लाल शर्मा उम्र 50 निवासी ब्रह्मपुरी कपासन थाना कपासन जिला चित्तौडग़ढ़ ने एफआईआर दी गयी।जिसमे बताया कि में प्रार्थी सूर्य प्रकाश शर्मा पिता गौतम लाल निवासी ब्रह्मपुरी कपासन का रहने वाला हूं।नौकरी पेशे से बाहर भीलवाड़ा रहता हूं।सुश्री प्रतिष्ठा दाधिच जो मेरी पुत्री है।पिछले एक महीने से ब्रह्मपुरी कपासन स्थित मेरे घर पर ही रह रही थी।दिनांक 31 जनवरी 2026 को मैं अपने घर गया।घर का दरवाजा खोला तो घर की दूसरी मंजिल पर बरामदे में रखे पलंग के नीचे मेरी पुत्री प्रतिष्ठा की खून से लथपथ लाश को देखकर में घबराकर चकित रह गया एवं तुरंत पुलिस थाना कपासन में सूचना दी। मुझे आशंका है कि मेरे पड़ोस में रहने वाले उज्जवल दाधीच पुत्र चंद्र प्रकाश शर्मा ने मेरी पुत्री की हत्या करके लाश को पलंग के नीचे छुपा दिया है।

## भाजपाइयों ने देखा केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण, कहा-यह राष्ट्र निर्माण का दस्तावेज

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 'बजट 2026-27' का भाजपा जिला कार्यालय पर लाइव प्रसारण देखा गया। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व और पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर के सान्निध्य में जनप्रतिनिधियों, जिला एवं मोर्चों के पदाधिकारियों और शहर के चारों मंडलों के कार्यकर्ताओं ने एक साथ बजट देखा और सुना। उन्होंने इसे राष्ट्र निर्माण का 'दस्तावेज' बताया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि इस मौके पर उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस सर्वस्पर्शी और भविष्योन्मुखी बजट के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कल्पेश चौधरी, सुरेंद्र सिंह मोटरास, आरती कोगटा, पंकज मानसिंहका, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, महावीर समदानी, रागिनी गुप्ता, महेंद्र नायक, बाबूलाल आचार्य, बजट कार्यक्रम समिति से ज्योति आशीर्वाद, अजय नौलखा, राहुल ग़ग्गड़, महादेव बाहेती, मंजू पालीवाल, ऋतुशेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, रमेश खोईवाल, मुकेश चेचाणी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हिंदू एकता, पंच परिवर्तन और मातृशक्ति की भूमिका पर हुआ चिंतन,

# कलश यात्रा से गूंजा ओंकारेश्वर गार्डन, वीर सावरकर बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन भव्यता से संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वीर सावरकर बस्ती, ब्यावर द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन रविवार को ओंकारेश्वर गार्डन, गुरुकुल स्कूल के पास श्रवण सिंह भाटी (अध्यक्ष) एवं सिद्धार्थ सिंह जी सुरक्षक के सानिध्य में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में हिंदू एकता, राष्ट्र उन्नति और सामाजिक जागरण का संदेश दिया गया ।बस्ती पलक रघुवीर सिंह चौहान ने बताया कि सम्मेलन से पूर्व कटारिया कॉलोनी, उदयपुर रोड चुंगी नाका स्थित आशापुरा माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति और उत्साह के साथ यात्रा निकालते हुए ओंकारेश्वर गार्डन पहुंचकर सम्मेलन स्थल को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य वक्ता प्रवीण कुमार जैन एवं सह वक्ता श्रुति सिंगल द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं अगरबत्ती अर्पित कर किया गया। बस्ती अध्यक्ष श्रवण सिंह भाटी ने हिंदू सम्मेलन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का आह्वान किया ।

पलक रघुवीर सिंह चौहान ने सम्मेलन में पधारे सभी अतिथियों, प्रबुद्धजनों एवं मातृशक्ति का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मोहन सिंह चौहान एवं कन्हैयालाल बागड़ी ने कुशलता से किया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्ण सिंह राठौड़, नारायण सिंह सोनियाणा, नरेंद्र सिंह शाहपुरा, शंकर लाल, राजेश जिंदल, प्रकाश प्रजापति, आनंद सिंह सरपंच, दयाल सिंह, एडवोकेट लोकेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह (प्रिंसिपल), परमेश्वर सिंह (प्रिंसिपल), दौलत सिंह, सतवीर सिंह, तारा सिंह, हरि प्रताप सिंह, राजू सिंह, सूबेदार हेम सिंह, सोहन सिंह, पंचू सिंह, लक्ष्मण सिंह पवार, बंसीलाल भाटी, कैलाश प्रजापति, तोताराम, अमरचंद, पूनमचंद वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, उपाध्यक्ष, प्रचार मंत्री, संगठन मंत्री एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## युवक की संदिग्ध मौत:कोर्ट ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल, दोबारा जांच के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र में दर्ज युवक मुकेश माली की मौत के मामले में पुलिस की जांच पर अदालत ने गंभीर सवाल उठाते हुए अग्रिम अनुसंधान के आदेश दिए हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत अंतिम प्रतिवेदन को अपर्याप्त मानते हुए मामले में निष्पक्ष व सम्यक जांच के निर्देश दिए हैं। परिवादी भैरूलाल माली ने बताया कि उनके पुत्र मुकेश माली की हत्या बालमुकुंद व अन्य द्वारा की गई थी, जिस संबंध में थाना प्रतापनगर में एफआईआर संख्या 229/2024 दर्ज करवाई गई थी। पुलिस ने जांच के बाद इसे गलतफहमी मानते हुए अंतिम प्रतिवेदन संख्या 255/2024 पेश कर दिया, जिसे परिवादी ने अधिवक्ता शिव सिंह चारण के माध्यम से चुनौती दी। अदालत में पेश प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र में कहा गया कि अनुसंधान अधिकारी ने मृतक के सिर पर आई गंभीर चोटों, घटनास्थल की परिस्थितियों तथा संभावित चश्मदीदों से कोई ठोस जांच नहीं की। साथ ही केवल अभियुक्तों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अंतिम प्रतिवेदन पेश किया गया। अदालत ने पत्रावली के अवलोकन के दौरान पाया कि मृतक मुकेश दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर ट्रैक से काफी दूरी पर संदिग्ध अवस्था में घायल मिला था, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर की ऑक्सिपिटल हड्डी में फ्रैक्चर और सेरिबेलम में चोट से मृत्यु होना बताया गया है। चोटों की प्रकृति दुर्घटना से अधिक मारपीट की ओर संकेत करती है। इन तथ्यों को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए संबंधित थानाधिकारी को निर्देश दिए कि मृतक के सिर पर आई चोटों के कारणों की जांच कर मौके पर मौजूद या संभावित चश्मदीद गवाहों की पहचान की जाए। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज प्राप्त कर जांच की जाए।

# बजट में लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज; छोटे उद्योगों, कृषि और पर्यटन पर जोर






# ऑपरेशन सिंदूर का असर, सेना को 1 लाख करोड़ ज्यादा

## 10 साल में सबसे बड़ा इजाफा; लड़ाकू विमान और इंजनों के लिए 64 हजार करोड़

बजट पर ऑपरेशन सिंदूर का साफ असर दिखा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा बजट में पिछले 10 सालों का सबसे बड़ा इजाफा किया है। उन्होंने तीनों सेनाओं के लिए कुल 7.84 लाख करोड़ रुपए दिए हैं। यह 2025-26 के मुकाबले करीब 1 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। यानी कुल 15% की बढ़ोतरी हुई है। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। सरकार के मुताबिक 6 मई से शुरू हुआ यह ऑपरेशन आज भी चल रहा है। माना जा रहा है कि इसी के चलते डिफेंस बजट में बढोतरी की गई है।



### सेना को मिलने वाले बजट में मुख्य रूप से 4 पार्ट होते हैं :

**1. कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी हथियार खरीद के बजट में 22% की बढ़त**-इस बार तीनों सेनाओं के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर 2.19 लाख करोड़ रुपए मिले हैं, जो पिछले साल से 21.84% ज्यादा है। पिछले साल यह 1.80 लाख करोड़ रुपए था। इस बजट के ज्यादातर हिस्से का इस्तेमाल हथियार खरीद और मॉडर्नाइजेशन पर होता है।

**2. रेवेन्यू खर्च यानी सैलरी भी बढ़ सकती है**-इसमें सेना के वेतन, भत्ते और दैनिक संचालन का खर्च शामिल है। इसमें लगातार वृद्धि हुई है।

**3.रिटायर्ड सैनिकों के लिए पेंशन बजट**-डिफेंस पेंशन का बजट एक बड़ा हिस्सा है, जो पूर्व सैनिकों के लिए है, जिसमें लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**4. सिविल डिफेंस बजट में मामूली कटौती**-इसमें रक्षा मंत्रालय के नागरिक प्रशासनिक खर्च और कोस्ट गार्ड के खर्चे शामिल होते हैं, जिनमें समय-समय पर मामूली बदलाव होते रहते हैं।

### डिफेंस बजट पर ऑपरेशन सिंदूर का असर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह बजट देश की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इससे सेना की तैयारियां और ज्यादा मजबूत होंगी।'

### 114 राफेल की डील, नए एयरक्राफ्ट और इंजन पर खर्च

रक्षा बजट में सबसे ज्यादा ध्यान लड़ाकू विमान और एयरो इंजन पर दिया गया है। इसके लिए 63,733 करोड़ रुपए रखे गए हैं। वहीं, नेवी बेड़े के लिए 25,024 करोड़ रुपए दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत-फ्रांस के बीच 114 राफेल जेट की डील होने वाली है।

### रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए 17 हजार करोड़ रुपए

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी खर्च बढ़ाया गया है। इसके लिए 17,250 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इस रकम से नई तकनीक, स्वदेशी हथियार और आधुनिक सिस्टम विकसित किए जाएंगे। सरकार चाहती है कि भारत सिर्फ हथियार खरीदे नहीं, बल्कि बनाए भी।

### कस्टम ड्यूटी हटाने से डिफेंस इंडस्ट्री को फायदा

वित्त मंत्री ने बजट में विमान और रक्षा उपकरण बनाने में इस्तेमाल होने वाले इम्पोर्टेड कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इससे फैसले से देश की डिफेंस और एयरोस्पेस इंडस्ट्री को सीधा फायदा मिलेगा। उत्पादन सस्ता होगा और निजी कंपनियों का निवेश बढ़ेगा।

### डिफेंस बजट में भारत, चीन से पीछे लेकिन पाकिस्तान से आगे

पिछले साल चीन का रक्षा बजट करीब 247 बिलियन डॉलर यानी 22.6 लाख करोड़ रुपए रहा। अनुमान है कि इस साल 2026 में ये 300 बिलियन डॉलर यानी 27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकता है।

वहीं पाकिस्तान ने भी रक्षा बजट में तेज बढ़ोतरी की है। पिछले साल उसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद 81 हजार करोड़ का डिफेंस बजट पेश किया, जो 2024 से 20% ज्यादा था।

हालांकि, 2025 में रक्षा बजट में बढ़ोतरी के लिए पाकिस्तान को अपने कुल बजट में 7% की कटौती करनी पड़ी थी। जबकि भारत ने कुल बजट को पिछले साल से लगभग 8% बढ़ाते हुए रक्षा बजट को 15% बढ़ाया है।



## 6 बड़े बदलाव जिनका असर हमारी जिंदगी पर पड़ेगा...

### 1. जीएसटी बढ़ा, सिगरेट 40% तक महंगी होंगी

3 सितंबर 2025 को किए गए बदलाव के बाद अब 1 फरवरी से पान मसाला, खैनी और गुटखा जैसे तंबाकू उत्पादों पर 40% जीएसटी लगेगा। सेस हटा दिया गया है। अभी तक इन पर 28% जीएसटी के साथ कंपनसेशन सेस लगता था। इससे कुल टैक्स 50% से ज्यादा हो जाता था। सिगरेट पर उसकी लंबाई के आधार पर नई एक्साइज ड्यूटी भी लागू होगी। 2.05 से लेकर 8.5 प्रति स्टिक तक ये एक्साइज ड्यूटी लगेगी। इसके अलावा तंबाकू उत्पादों की तरह सिगरेट पर 40% जीएसटी भी लगेगा। हालांकि बीड़ी पर राहत देते हुए जीएसटी को 18% कर दिया गया है। एक्साइज ड्यूटी मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट में जुड़ती है। जब सिगरेट फैक्ट्री से निकलती है, तो उस पर एक्साइज लग चुका होता है। इसके बाद जब उस पर जीएसटी लगाया जाता है, तो वह बढ़ी हुई कीमत (जिसमें एक्साइज शामिल है) पर लगता है। इससे टैक्स पर टैक्स की स्थिति बनती है और फाइनल एमआरपी बढ़ जाती है।

इस बदलाव से रिटेल मार्केट में सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की कीमतों में 15% से 40% तक का उछाल आ सकता है। सरकार का यह कदम सरकारी खजाने को भरने की एक कोशिश माना जा रहा है। क्योंकि सितंबर में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के लिए कई उत्पादों पर जीएसटी में कटौती की थी।




### 2.फास्टैग यूजर्स को केवाईवी वेरिफिकेशन की जरूरत नहीं

आज से नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब केवाईवी (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नई कार के लिए केवाईवी प्रोसेस बंद करने का फैसला किया है। साथ ही, जिन कारों पर पहले से फास्टैग लगा है, उनके मालिकों को भी अब रूटीन केवाईवी कराने की जरूरत नहीं होगी। इससे वाहन मालिकों को वैलिड डॉक्युमेंट होने के बावजूद लंबी वेरिफिकेशन प्रक्रिया के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अथॉरिटी के अनुसार, केवाईवी की प्रक्रिया को पूरी तरह खत्म नहीं किया गया है, बल्कि इसे जरूरत आधारित बना दिया गया है। अब सिर्फ केवाईवी तभी मांगा जाएगा, जब किसी फास्टैग के गलत इस्तेमाल, गलत तरीके से जारी होने या उसके लूज होने की कोई शिकायत मिलेगी। सामान्यतौर पर काम कर रहे फास्टैग के लिए अब किसी तरह के डॉक्युमेंट की दोबारा मांग नहीं की जाएगी।

### 3. कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 50 रुपए तक बढ़े

आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 49 रुपए बढ़कर 1740.50 हो गई है। पहले यह 1691.50 में मिल रहा था। वहीं चेन्नई में यह अब 50 रुपए महंगा होकर 1899.50 रुपए में मिलेगा।

### 4. आरबीआई की मीटिंग 4 से 6 फरवरी, 0.25% घट सकती है ब्याज दर

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग 4 से 6 फरवरी तक चलेगी। ये वित्त वर्ष 2025-26 की आखिरी मीटिंग होगी। उम्मीद की जा रही है कि इस मीटिंग में आरबीआई ब्याज दर 0.25% घटाकर 5% कर सकती है।

अगर ऐसा होता है तो लोन सस्ते होंगे और आपकी ईएमआई भी घट सकती है। इससे पहले आरबीआई ने 3 से 5 दिसंबर को हुई अपनी पिछली एमपीसी मीटिंग में रेपो रेट 0.25% घटाकर 5.25% कर दिया था।

### 5. एविएशन फ्यूल के दाम घटने से हवाई टिकट सस्ता हो सकता है

फरवरी में हवाई यात्रा करने वालों को राहत मिलने की उम्मीद है। तेल कंपनियों ने एविएशन फ्यूल के दाम करीब 1 हजार रुपए घटा दिए हैं। दिल्ली में फ्यूल के दाम 92,323.02 से घटकर 91,393.39 प्रति किलोलीटर हो गए हैं। कीमतों में आई इस कमी से एविएशन कंपनियों की ऑपरेशनल कॉस्ट कम होगी, जिसका सीधा फायदा हवाई टिकटों के दाम कम होने के रूप में यात्रियों को मिल सकता है।

### 6. संपत्ति बेचने- खरीदने के लिए आधार ऑथेंटिकेशन जरूरी

उत्तर प्रदेश और कर्नाटक सरकार ने 1 फरवरी 2026 से संपत्ति की रजिस्ट्री के लिए आधार ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर दिया है। अब रजिस्ट्री के वक्त खरीदार, विक्रेता और गवाहों को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में मौजूद बायोमेट्रिक मशीन पर अपनी पहचान, यानी फिंगरप्रिंट या फेस

## नक्सलवाद से मुक्ति का लक्ष्य, कितना खर्च करेगी सरकार; बजट में किया बड़ा ऐलान

केंद्रीय बजट में नक्सलवाद का मुकाबला करने की रणनीति के तहत सुरक्षा और बुनियादी ढांचे पर होने वाले खर्च के लिए 3,610.80 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। गृह मंत्रालय का लक्ष्य 31 मार्च तक देश से वामपंथी उग्रवाद को जड़ से खत्म करना है। वर्ष 2026-27 में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए सुरक्षा संबंधी व्यय और विशेष अवसंरचना योजना के तहत पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान 3,006.56 करोड़ रुपये के मुकाबले 3,610.80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

बजट दस्तावेज के मुताबिक, %इस मद में सुरक्षा संबंधी व्यय योजना, विशेष अवसंरचना योजना और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के 35 सबसे अधिक प्रभावित जिलों के लिए विशेष केंद्रीय सहायता का प्रावधान शामिल है। इसके अलावा, एलडब्ल्यूई प्रबंधन के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता, नागरिक कार्य कार्यक्रम और विभिन्न राज्यों में मीडिया योजना से जुड़ी गतिविधियां भी इसमें शामिल हैं।% यह धनराशि पुलिस बलों के आधुनिकीकरण से जुड़ी केंद्र प्रायोजित योजना के तहत राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों को अंतरण मद के अंतर्गत गृह मंत्रालय को उपलब्ध कराई गई है।

**पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए आवंटन**-कुल मिलाकर, पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए आवंटन को लगभग 24 प्रतिशत बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 4,061.34 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जबकि पिछले वर्ष का संशोधित अनुमान 3,279.53 करोड़ रुपये था। बजट में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम और मीडिया योजना के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस कार्यक्रम में नक्सल प्रभावित इलाकों, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर क्षेत्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की ओर से नागरिक जागरूकता गतिविधियों के साथ-साथ मीडिया संपर्क अभियान एवं प्रचार पर किया जाने वाला व्यय शामिल है।

## ईवी, सोलर पैनल के दाम घटेंगे; शराब महंगी हो सकती है, ट्रेडिंग पर टैक्स बढ़ा

**बजट में अब बस इम्पोर्ट ड्यूटी के घटने-बढ़ने से सामानों के दाम थोड़े बहुत ऊपर-नीचे होते हैं। ज्यादातर चीजों के दाम जीएसटी काउंसिल तय करती है।**

### सस्ता

**1. कैंसर की दवाइयां सस्ती: 17 लाइफ सेविंग ड्रग्स पर कस्टम ड्यूटी खत्म**-सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इसके अलावा, 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए बाहर से मंगवाई जाने वाली दवाओं और स्पेशल फूड पर भी अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे उन परिवारों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी जो इलाज के लिए महंगी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं।

**2.माइक्रोवेव ओवन सस्ते: पुर्जों पर ड्यूटी घटी, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी**-घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में कुछ अहम बदलाव किए हैं। अब माइक्रोवेव ओवन बनाने में इस्तेमाल होने वाले खास पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है। इससे आने वाले दिनों में माइक्रोवेव की कीमतों में कमी आ सकती है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के मामले में दुनिया का हब बने।

**3. ईवी बैटरी और सोलर पैनल सस्ते: इसे बनाने का कच्चा माल हुआ टैक्स फ्री**-एनर्जी ट्रांजैक्शन को देखते हुए सरकार ने लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली मशीनों पर मिलने वाली टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी ड्यूटी नहीं लगेगी। वहीं, सोलर ग्लास बनाने में इस्तेमाल होने वाले सोडियम एंटीमोनेट पर भी ड्यूटी हटा दी गई है, जिससे देश में सोलर पैनल बनाना सस्ता होगा।

**4. जूते, कपड़े सस्ते हो सकते हैं: एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कच्चे माल पर छूट**-एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए समुद्री उत्पाद, लेदर और टेक्सटाइल सेक्टर के लिए घोषणाएं हुई हैं.. सी-फूड एक्सपोर्ट के लिए ड्यूटी फ्री इम्पोर्ट की लिमिट 1% से बढ़ाकर 3% हो गई है। लेदर और सिंथेटिक जूतों के साथ अब शू अपर्स के एक्सपोर्ट पर टैक्स छूट मिलेगी।

**5. विदेश घूमना सस्ता होगा: सरकार ने टैक्स घटाकर 2% किया**-अब विदेश यात्रा के टूर पैकेज बुक करना सस्ता हो जाएगा। पहले 10 लाख रुपए तक के खर्च पर 5% और उससे ज्यादा पर 20% टैक्स (टीसीएस) लगता था। इसे अब घटाकर सीधा 2% कर दिया गया है। अब इसमें रकम की कोई लिमिट भी नहीं है।

**6. एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सस्ता: पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी हटी**-नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने के लिए एयरक्राफ्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले पुर्जों और कंपोनेंट्स पर कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। डिफेंस सेक्टर में भी एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस और रिपेयरिंग के लिए मंगवाए जाने वाले कच्चे माल पर अब टैक्स नहीं देना होगा। इससे देश में हवाई जहाज बनाने और उनकी मरम्मत करने की लागत कम होगी।

**7. विदेशी सामान मंगाना सस्ता: पर्सनल यूज की चीजों पर टैक्स घटा**-विदेश से अपने निजी इस्तेमाल के लिए सामान मंगवाने मंगाना सस्ता हो जाएगा। सरकार ने ऐसे सामान पर लगने वाले टैक्स को 20% से घटाकर 10% कर दिया है।

### महंगा

- शराब पर टीसीएस को 1% से बढ़ाकर 2% कर दिया गया है। इससे शराब की कीमतें बढ़ सकती है, क्योंकि इससे दुकानदार के मुनाफे पर असर होगा।
- फ्यूचर ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% और ऑप्शंस 0.15% किया गया है।
- टीसीएस का मतलब है सोर्स पर टैक्स कलेक्शन। यह एक तरह का एडवांस इनकम टैक्स है। दुकानदार जो 2% टैक्स अभी सरकार को देगा, उसे वह साल के आखिर में अपना इनकम टैक्स रिटर्न भरते समय एडजस्ट कर सकता है।
- एसटीटी ऐसा टैक्स है जो आपके हर सौदे (खरीदने और बेचने) पर लगता है। टैक्स दरें बढ़ने से अब आपको एक ही ट्रांजैक्शन के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे चुकाने होंगे।

### नॉलेज पार्ट : जीएसटी काउंसिल तय करती है ज्यादातर चीजों के दाम

22 सितंबर 2025 से जीएसटी के चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया था। अब केवल 5% और 18% के स्लैब में जीएसटी लगता है। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया था। इससे घी, पनीर खरीदने से लेकर कार और एसी खरीदना भी सस्ता हो गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।